RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 तमन्ना ने साझा किया फर्स्ट लुक..

वर्ष : 26 | अंक : 78 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 09 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# काजीरंगा में पीएम, खुली जीप और हाथी की सवारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम दौरे के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के लिए कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें तवांग घाटी को जोड़ने वाली सेला सुरंग भी शामिल है। इससे पहले आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान व बाग अभ्यारण्य पहुंचे। इस दौरान पूरे रास्ते पर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम करने के बाद आज सुबह प्रधानमंत्री काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे यहां उन्होंने हाथी व जीप सफारी का आनंद लिया। प्रधानमंत्री ने यहां गेंडा भी देखा। इस दौरान उद्यान निदेशक सोनाली घोष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री हैं, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने ईटानगर पहुंचकर 20 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) देश को समर्पित किया। यह डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगी।





# महाशिवरात्रि पर व्रत का खाना खाने से छात्र बीमार





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्टल में महाशिवरात्रि पर बने व्रत का खाना खाने से छात्रों को फूड पॉइजनिंग हो गई। खाना खाने से करीब 100 छात्र बीमार हो गए। जिन्हें इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार कर रहा है।

दरअसल ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के आर्यन रेजीडेंसी और लॉयड के हॉस्टल में रह रहे काफी छात्र फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इसके बाद पूरे हॉस्टल में हड़कंप मच गया। तबीयत बिगड़ने के बाद छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के आर्यन रेजीडेंसी और लॉयड हॉस्टल में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर जो छात्र व्रत पर थे उनके लिए खाना बना था। अस्पताल में भर्ती छात्र कुशाग्र ने बताया कि रात 9 बजे व्रत का खाना खाने के बाद एक घंटे के अंतर पूरा शरीर कांपने लगा और चक्कर आने के साथ ही उल्टी होने लगी। छात्र पीयूष चौधरी ने बताया कि खाना खाने के बाद काफी छात्रों की तबियत खराब हो गई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फूड प्वाइजनिंग से जो छात्र बीमार हुए हैं उनमे लॉयड कॉलेज और एपीजे कॉलेज के छात्र बताए जाते हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बरौला में भी फूड प्वाइजनिंग

**महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए बने कुटटू के आटे से बने खाने को खाने के कारण कई लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक दर्जन से अधिक लोग जिला अस्पताल में आज सुबह भर्ती हुए हैं जिन्हें उल्टी, सर चकराना, आदि की शिकायतें हैं। इनका उपचार किया गया है।**

# लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला 'अटल' : मायावती

**लखनऊ ( एजेंसी )।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष व उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक बार फिर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।



दरअसल इन दिनों इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें।

ख़ासकर यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# रियल स्टेट बिजनेस में इन्वेस्ट कर गंवाए लाखों रुपये

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रियल स्टेट के बिजनेस में इन्वेस्ट कर कर बेहतर मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से दंपति ने 10 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित जब इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने बिसरख थाने पहुंचा तो पुलिस ने भी उसकी सुनवाई नहीं की। थक हार कर पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर महिला सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

ऑरेंज काउंटी अहिंसा खंड इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी गाजियाबाद निवासी विनय कुमार ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चेरी काउंटी सोसाइटी में रहने वाला गोपाल राम उनका परिचित था। गोपाल राम ने अप्रैल 2020 में उसके सामने बिजनेस प्रपोजल रखा।

गोपाल राम ने बताया कि अगर वह रियल स्टेट के बिजनेस में इन्वेस्टमेंट करता है तो उसे बेहतर मुनाफा होगा गोपाल राम ने बताया कि उसकी परिचित श्रीमती संपत्ति देवी अपने फार्म बनाकर राजस्थान में रियल स्टेट का बिजनेस कर रही है वह उसका पैसा संपत्ति देवी की फॉर्म में लगवा सकता है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कैरियर मंत्रा के नाम पर बड़ा खेल छात्रों की लगाई नौकरी, नहीं दी सैलरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्र-छात्राओं को कैरियर मंत्रा के नाम पर फंसाकर उनकी नौकरी लगने के बाद एजेंसी का ऑनर छात्रों की सैलरी नहीं दे रहा है। जालसाजों ने छात्रों से दो-तीन महीने काम करवाया और फिर अपना ऑफिस बंदकर फरार हो गया। पीड़ित छात्रों ने थाना नॉलेज पार्क में कैरियर मंत्रा के फाउंडर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा निवासी प्रभा गौतम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कैरियर मंत्रा के फाउंडर नूर आलम हुसैन ने नोएडा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न कॉलेजों में अपना ऑफिस बनाया हुआ है। नूर आलम हुसैन अपने विभिन्न ऑफिसों में लिंकडइन naukri.com और अन्य प्लेसमेंट पोर्टल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नौकरी देने का लालच देकर दो-तीन महीने तक काम करवाता है। सैलरी देने के समय नूर आलम हुसैन पैसे देने से मुकर जाता है और धमकी देता है कि वह उनकी जिंदगी खराब कर देगा। काम होने के बाद यह छात्र-छात्राओं का फोन उठाना बंद कर देता है और लोगों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बिल्डर ने बुक कराई गई दुकान किसी और को बेची

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख में एक नामी बिल्डर व उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि बगैर उसकी मर्जी के बिल्डर व उसकी पत्नी ने उसके प्रोजेक्ट में बुक कराई गई दो दुकानों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। दुकान बेचने के बाद भी बिल्डर उनके द्वारा जमा कराई गई धनराशि को वापस नहीं लौट रहा है।

शिरीष चंद्र अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बेटी सीन अग्रवाल एवं शिल्प अग्रवाल के नाम से रूद्र बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रोजेक्ट में दो दुकान बुक कराई थी। 5 वर्ष तक उन्हें दुकानों का पजेशन नहीं दिया गया। वर्ष 2023 में उन्हें पता चला कि बिना उनकी सहमति के बिल्डर राजकुमार गुप्ता तथा उनकी पत्नी मंजू गुप्ता ने उनकी दुकानों को किसी अन्य व्यक्ति को बेचकर रजिस्ट्री कर दी है । (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सोसायटी के सामने से लूटा मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के सेक्टर 143 स्थित लाजिक्स ब्लॉसम ग्रीन सोसाइटी के बाहर से बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। सेक्टर-143 की सोसाइटी में रहने वाले मुकेश सिंह ने बताया कि वह 1 मार्च की रात्रि को अपनी सोसाइटी के बाहर खड़ा होकर परिचित से फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# जीवन जीने की सही कला बताएंगी तेरापंथ जैन समाज की साध्वियां

## सेक्टर-40 में अगले दो दिनों तक होंगे कई कार्यक्रम : विकास



**नोएडा ( चेतना मंच )।** तेरापंथ जैन समाज के आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी अनिमाश्री, साध्वी कनिकाश्री, डॉक्टर सुधा प्रभा, साध्वी श्री समत्य यशा, साध्वीश्री मैत्री प्रभा, आज सेक्टर-40 पहुंची। यहां पर जैन समाज के लोगों ने उनका भविष्य स्वागत किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# माँ-बेटियों ने दिखाई ऐसी हिम्मत कि पस्त हुआ बदमाश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जीआईपी मॉल के पास दिनदहाड़े लूट का प्रयास कर रहे एक बदमाश का मां बेटियों ने जमकर मुकाबला किया। साहस का परिचय देते हुए मां-बेटियों ने बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया और उसे थाना सेक्टर-39 पुलिस के हवाले कर दिया।

दल्लूपुरा वसुंधरा एनक्लेव दिल्ली निवासी प्रांजल तिवारी ने बताया कि वह 8 मार्च की शाम को वह अपनी मां नीतू व बहन प्रांशु तिवारी तथा भाई राहुल के साथ सेक्टर 38 स्थित जीआईपी मॉल खरीदारी के लिए आई थी खरीदारी के बाद जब वह माल से बाहर गेट नंबर 3 से बाहर निकली तो एक लड़का उनके हाथ से मोबाइल और पर्स छीन कर भाग निकला। उन्होंने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया और जमीन पर पटक दिया। पकड़े गए युवक ने अपने बचाव में उसकी बहन व मां के साथ मारपीट की। इस दौरान आस पड़ोस के लोग भी इकट्ठे हो गए जिन्होंने मुक्त बदमाश को दबोच लिया सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंच गई जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम कृष्ण पुत्र मुकेश निवासी ग्राम चिल्ला दिल्ली बताया इसके पास से एक चाकू भी बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## भाई पर बहनोई ने चढ़ा दी कार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बहन के घर में हुए झगड़े को सुलझाने गए भाई के ऊपर उसके बहनोई ने जान से मारने की नीयत से कार चढ़ा दी।

इस हादसे में युवक के पैर में दो जगह फैक्चर हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित परिवार ने थाना बिसरख में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# अब नहीं हो पाएगा आबादी के नाम पर अतिक्रमण का खेल

## 12 मार्च से नोएडा प्राधिकरण का भू-लेख विभाग शुरू करेगा सर्वे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अब गांवों में आबादी के नाम पर ग्रामीणों व नोएडा प्राधिकरण के बीच अतिक्रमण को लेकर चल रहा लुका-छिपी का खेल खत्म हो जाएगा। आबादी की पुरानी सेटेलाइट इमेज को नई सेटेलाइट इमेज से मिलान करने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि जमीन आबादी की है या आबादी की आड में अतिक्रमण किया गया है। नोएडा प्राधिकरण 12 मार्च से गांवों में सर्वे शुरू करेगा। इसकी शुरूआत बादौली बांगर से की जाएगी।




नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) महेंद्र प्रसाद ने बताया कि आबादी निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण का भूलेख विभाग गांव गांव अभियान शुरू करने जा रहा है। इसकी शुरूआत बदौली बांगर गांव से (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कैंटर को जांच के लिए रोका तो मिली लाखों की शराब



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चेकिंग के दौरान आबकारी विभाग और जीएसटी की टीम ने शराब व बियर की पेटियों की बड़ी खेप पकड़ी है। जांच के लिए रोके गये केंटर से पंजाब व अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए बनी 653 पेटी शराब व बीयर की बरामद हुई है। केंटर चालक शराब से संबंधित प्रपत्र लाने की बात कह कर टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। बरामद शराब की कीमत करीब 35 लाख रुपए है और इसे बिहार ले जाया जा रहा था।

राज्य कर सचल दल 4 मार्च को सिरसा (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

## पहाड़ में विकास

विकास के नए स्रोत पर खड़ी हिमाचल सरकार खुद को चिन्हित करती हुई, नागरिक आशाओं की पैरवी कर रही है। राजनीतिक घटनाक्रम के अतीत से निकल कर सुक्खू सरकार के पैगाम अपनी तीव्रता के केंद्र बिंदुओं पर प्रकाश डाल रहे हैं। गारंटियों की इतिला के बाद विकास की गंगा के साथ मुख्यमंत्री के संदेश स्पष्ट हैं और इसी आधार पर कांगड़ा व हमीरपुर के नाम दर्ज 861 करोड़ अपनी कहानी बता रहे हैं। लाभान्वित विधानसभा क्षेत्र मुखातिब हैं, तो सरकार की प्राथमिकताएं भी चमत्कार कर रही हैं। वर्षों से एक नए बस स्टैंड की उम्मीद में हमीरपुर की करवटें बदल रही हैं। करीब 70 करोड़ की लागत से बनने जा रहे बस स्टैंड निर्माण का मुहूर्त आशाजनक है, तो इसी तरह पर्यटन राजधानी के ख्वाब कांगड़ा में मुख्यमंत्री के कदमों की आहट सुन रहे हैं। पहली फेहरिस्त में पर्यटन प्राथमिकताओं का आगाज बनखंडी के चिड़ियाघर में चहक रहा है, तो नगरोटा बगवां के केंद्र में महक रहा है। छह सौ करोड़ की लागत से चिड़ियाघर का स्वरूप वाकई पर्यटन के जंगल में मंगल करने का इरादा रखता है, तो नगरोटा में 241 करोड़ की पर्यटन परियोजनाओं का श्रृंगार आने वाले कल का महत्त्व बता रहा है। हो सकता है राजनीतिक समीकरणों की खिलखिलाहट में विकास के नक्शे भी नए अंदाज में गरज रहे हों, लेकिन उम्मीदों के गुलदस्ते लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अब मन, मकसद और मंसूबों की नई हाजिरी लगा रहे हैं। कांगड़ा का सियासी चित्रण हर सरकार में देखा और समझा जाता है। इस बार भी बेदखल विधायकों के प्रकरण के दो छोर, दो इतिहास और दो नेताओं की युगलबंदी में राजनीतिक खनन कर गया। ऐसे में राज्यसभा चुनाव की गणना में कई भूगोल, तो कई दुर्ग बन गए हैं। सरकार से छह, लेकिन सत्ता से कुल नौ विधायक छिटके हैं, तो अब विकास के मायने भी बदल सकते हैं। इसलिए कांगड़ा की भूमि पर मुख्यमंत्री का आशीर्वाद नगरोटा बगवां में देखा गया। यहां संसदीय क्षेत्रों की परिपाटी में कांगड़ा का दूसरा भाग अब हमीरपुरी हवाओं का मूल्यांकन है, इसलिए बनखंडी की शोहरत का सदन अलग हो जाता है। इसी तरह केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर की देखरेख में, देहरा में गर्दन उठा रही इमारतें बताती है कि इस ताजपोशी का गणित कहां ठीक बैठता है। अब विकास के गलियारे एक तरह से सियासत के भी गलियारे हैं। अत: विकास की शब्दावली सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, कई बार पथराव भी है। कांगड़ा के एक छोर में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र पुष्पित हुआ, तो दूसरे छोर में नगरोटा बगवां पल्लवित हुआ। ऐसे में कांगड़ा की पर्यटन राजधानी कहीं आज की राजनीतिक राजधानी ही न हो जाए। यह इसलिए भी कि नगरोटा बगवां के साथ लगती कांगड़ा जिला की राजधानी यानी धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रस्तावित परिसर गहन उपेक्षा के बादलों से घिरा किससे फरियाद करे। इसी संघर्ष में नागरिक समाज वर्षों से जूझ रहा है और एक विधायक का सियासी सफर रूठ रहा है। कांगड़ा के नाम करोड़ों की राशि, लेकिन सीयू परिसर के ढाई सौ करोड़ बचाने के लिए तीस करोड़ भी उपलब्ध नहीं। प्रश्न अब यह है कि सरकार अगर बागी विधायकों को सबक सिखाते-सिखाते कहीं इन विधानसभा क्षेत्रों की जनता को भी सबक न सिखा दे। ऐसे में नौ बागी विधायकों के सियासी माजरे में हलकों की जनता को भी उपेक्षित किया जाता है, तो यह अन्याय है। कांगड़ा की पर्यटन राजधानी के होर्डिंग्ज अगर केवल नगरोटा बगवां से रू-ब-रू हैं, तो ऐसा क्यों न माना जाए कि अब इन फिजाओं का घर्षण ही नया सियासी पर्यटन है।

## सर्वप्रिय नेतृत्व के आदर्श प्रतिमान हैं भगवान शिव

भगवान शिव सर्वप्रिय देवता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें जगत्वन्द्य कहा है – 'संकर जगत् वन्द्य जगदीसा' – अर्थात भगवान शंकर संसार के स्वामी हैं और समस्त संसार' उन्हें वंदनीय मानता है। देवता, मनुष्य, ऋषि मुनि सब उन्हें नमन करते हैं। यहाँ प्रयुक्त 'सब' शब्द में देवताओं, मनुष्यों और साधारण मनुष्यों से अधिक अलौकिक शक्ति सम्पन्न मुनियों के साथ यक्ष, किन्नर, नाग, असुर आदि अन्य जातियाँ भी समाहित हो जाती हैं। भगवान शिव जगत वंध होने के कारण सब के प्रिय आराध्य हैं। इस संदर्भ में यह विचारणीय प्रश्न है कि जब देवता और दैत्य परस्पर शत्रु हैं तब देवाधिदेव महादेव दैत्यों के लिए भी वंदनीय क्यों हैं ? दैत्य वरदान प्राप्ति के लिए सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की शरण में जाते हैं। उनकी तपस्या करते हैं किन्तु उनकी पूजा नहीं करते। दैत्य विष्णु से कभी कोई याचना नहीं करते परन्तु शिव के समक्ष सदा नतमस्तक मिलते हैं। शिव की इस सर्वप्रियता का रहस्य उनकी कल्याणकारी शक्ति और त्यागपूर्ण सरलता में निहित है। नेतृत्व यदि सर्वप्रिय होना चाहें तो उसे भी शिव के समान सहज सुलभ और सबके प्रति कल्याणकारी बनना चाहिए।

'शिव' का एक अर्थ कल्याण' भी है। कल्याण सब चाहते हैं- देवता भी और दैत्य भी। अत: शिव के भक्त सभी हैं। कल्याण-कामना से किसी का विरोध नहीं होता। इसलिए शिव से भी किसी का विरोध नहीं है। शिव वैदिक- पौराणिक देवता होने के साथ- साथ लौकिक घरातल पर भी एक ऐसे नेहृत्व का प्रतीकार्थ देते हैं जो सबका भला चाहता है, सबका भला करता है, सबके लिए सुलभ है और भोला-भंडारी है। जो वीतरागी है, संन्यासी है, जिसका अपना अपने लिए कुछ नहीं, अपना सब कुछ सबके लिए हैं। जो समन्वय की सामर्थ्य से युक्त है और विरोधों में सामंजस्य बैठाना जानता है, जिसे अपयश, अपमान एवं निन्दा का विष पीना-पचाना और समाज के लिए घातक भयानक विषधरों को वश में करना आता है। ऐसा ही व्यक्तित्व शिव हो सकता है, लोक के लिए शुभ हो सकता है और सर्वप्रिय तथा जगतबंद्य बन सकता है।

शिव के कंठ में, भुजाओं में नाग लिपटे हैं। नाग संसार के लिए भयकारी हैं किन्तु जब वे शिव के नियन्त्रण में उनकी देह पर मालाओं के समान शोभायमान होते हैं तब लोक के लिए भय का कारण नहीं रह जाते। लौकिक संदर्भ में नाग अपराधी ताकतों के प्रतीक हैं। लोक के कल्याण के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। शिव वही हो सकता है जो इन पर नियंत्रण कर सके। नेतृत्व की शिवता शिव जैसी नियन्त्रण-शक्ति की अपेक्षा करती है।

शिव को त्रिलोचन कहा गया है। दो नेत्र तो सबके पास हैं। सब उनसे देखते हैं, अनुमान लगाते हैं और निष्कर्ष निकालकर कार्य करते हैं किन्तु शिव ज्ञान के तृतीय नेत्र से देखकर विचार करते हैं। सही निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए ज्ञान के तृतीय नेत्र का सदुपयोग शिव-नेतृत्व की परम उपलब्धि है। ज्ञान का यही तृतीय नेत्र लोक-कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर रुद्र रूप धारण कर अशिव शक्तियों के संहार का कारण भी बनता है। समाज



**शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए।**

की सुरक्षा के लिए नेतृत्व के तीसरे नेत्र का संहारक रौद्ररुप लेना और उसकी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उसका विचार सम्पन्न ज्ञान रूप में परिणत होना आवश्यक है। भगवान शंकर के इस तीसरे नेत्र का रहस्य समझकर ही कोई नेतृत्व समाज को समृद्धि और सुरक्षा देकर सर्वप्रिय बन सकता है। लच्छेदार बातों और कोरे वादों की बौछारें समाज को वहका सकती हैं, बहला सकती हैं उसे रिझाकर वोट बटोर सकती हैं लेकिन समाज का भला नहीं कर सकतीं।

शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। निजी महत्वाकांक्षाएं नेता को इंद्र बना सकती हैं, शिव नहीं और इन्द्र कभी सर्वप्रिय नहीं हो सकते। इंद्र व्यवस्था चला सकते हैं किन्तु समाज पर आयी विपदाओं के निवारण के लिए सक्षम नहीं हो सकते। इस कार्य के लिए उन्हें शिव आदि अन्य शक्तियों की शरण में आना पड़ता है। नेतृत्व का इन्द्र बन जाना समाज के लिए शुभ नहीं होता। समाज की शुभता तो शिवता की विलासिता विहीन भस्मरागमयी भूमि में ही विलसती है।

भगवान शिव नित्य शुद्ध हैं। शुद्धता का संधारण मन, वाणी और कर्म से होता है। शिव की कथाओं में कोई प्रसंग ऐसा नहीं मिलता जब उन्होंने कहीं किसी से कोई छल किया हो। समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति भी यदि शुद्ध हो, छल-फरेब न करे, झूठ न बोले तो उसकी विश्वसनीयता समाज में स्वत: बढ़ जाती है और तब उसकी सर्वप्रियता का पथ प्रशस्त होने लगता है। नेतृत्व की शुचिता समाज में भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करके समाज से भ्रष्टाचार दूर कर सकती है। लोकजीवन में आचरण की पवित्रता नेतृत्व के शिवत्व की शुचिता पर निर्भर है। शुद्धता के अभाव में सामाजिक लोकप्रियता संभव नहीं।

निजी आवश्यकताओं में न्यूनता शिव का आदर्श है। अन्न, वस्त्र और आवास लोकजीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। शिव सबके लिए इन आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। शिव की पत्नी भगवती पार्वती का एकनाम अन्नपूर्णा भी है। माता अन्नपूर्णा की शिवगृह में उपस्थिति सबका पेट भरने की गारंटी है। अन्नपूर्णा सुख समृद्धि देकर लोक में वस्त्र और आवास की लौकिक आवश्यकताओं की पूर्ति का भी प्रतीकार्थ हैं। शिव और अन्नपूर्णा की यह पौराणिक युति नेतृत्व और नीति में सामंजस्य को संकेतित करती है।

लोक का कल्याण चाहने वाले नेता की नीति ऐसी होनी चाहिए जो सबकी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। स्वयं शिव इन अनिवार्यताओं से भी परे हैं। वे दिगम्बर हैं, उन्हें अन्न और आवास भी नहीं चाहिए। वस्त्र के नाम पर बाघम्बर, भोजन के लिए बिल्वपत्र-भांग-धतूरा और आवास के लिए कैलाश अथवा श्मशान। शिव से संदर्भित ये उपादान संकेतित करते हैं कि सर्वप्रिय होने के लिए त्याग का निर्वाह परम आवश्यक है। नेता को अपने लिए वे सुविधाएं भी नहीं चाहिए जिनकी व्यवस्था वह अन्य के लिए अनिवार्य रूप से करता है।

शिव का विषपान लोक कल्याण के लिए आवश्यक शर्त है। अमृत सब चाहते हैं, विष कोई नहीं चाहता। यश की अभिलाषा सब करते हैं किन्तु लोक की भलाई के लिए अपयश स्वीकार करने को कोई विरला ही तैयार होता है। जो नेता निर्भय होकर समाज के कल्याण के लिए अपमान और अपयश का विष पचा जाता है, वही सर्वप्रिय बन पाता है। समाज को नेतृत्व के लिए सदा शिव की प्रतीक्षा रहती है क्योंकि शिव ही स्वयं विष पीकर औरों को अमृत प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

शिव करुणावतार हैं। अत: नेता को भी करुणा से समृद्ध होना चाहिए जब तक नेतृत्व में जनता के प्रति करुणा का कोमल भाव नहीं होगा. तब तक वह उसके दुख दूर करने के लिए सच्चे प्रयत्न भी नहीं कर पाएगा। शिव की भाँति करुणा करके सबकी पीड़ा हरने बाला नेता ही सबका प्रिय बन सकता है। आज अभावों से जूझती, असुरक्षित अनुभव करती डर-डर कर जीती जनता अपने नेताओं से करुणा की आशा करती है।

विरोधों और विषमताओं के बीच समन्वय और सामंजस्य स्थापित करने की संज्ञा ही शिव है। शिव-परिवार में उनके पुत्र कार्तिकेय का वाहन मयूर शिव के कंठ में पड़े नाग का घोर शत्रु है। शिवपत्नी पार्वती का वाहन सिंह शिव के वाहन नंदी का विरोधी है, फिर भी शिव परिवार में सब साथ-साथ हैं, सुखी हैं और अपने-अपने कार्य में व्यस्त हैं। विरोधों में सामंजस्य की यही सामर्थ्य शिव-नेतृत्व के माध्यम से समाज में संघर्ष का शमन कर सकती है। शिव अर्थात कल्याण के लिए शक्ति चाहिए, सामर्थ्य चाहिए।

**- डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कलियुग में सब लोग वर्णसंकर और मर्यादा से च्युत हो गए। वे पाप करते हैं और ( उनके फलस्वरूप ) दु:ख, भय, रोग, शोक और ( प्रिय वस्तु का ) वियोग पाते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**श्रुति संमत हरि भक्ति पथ संजुत बिरति बिबेक।**
**तेहिं न चलहिं नर मोह बस कल्पहिं पंथ अनेक॥**

वेद सम्मत तथा वैराग्य और ज्ञान से युक्त जो हरिभक्ति का मार्ग है, मोहवश मनुष्य उस पर नहीं चलते और अनेकों नए-नए पंथों की कल्पना करते हैं॥

**बहु दाम सँवारहिं धाम जती। बिषया हरि लीन्हि न रहि बिरती॥**
**तपसी धनवंत दरिद्र गृही। कलि कौतुक तात न जात कही॥**

संन्यासी बहुत धन लगाकर घर सजाते हैं। उनमें वैराग्य नहीं रहा, उसे विषयों ने हर लिया। तपस्वी धनवान हो गए और गृहस्थ दरिद्र। हे तात! कलियुग की लीला कुछ कही नहीं जाती॥

**कुलवंति निकारहिं नारि सती। गृह आनहिं चेरि निबेरि गती॥**
**सुत मानहिं मातु पिता तब लौं। अबलानन दीख नहीं जब लौं॥**

भावार्थ-कुलवती और सती स्त्री को पुरुष घर से निकाल देते हैं और अच्छी चाल को छोड़कर घर में दासी को ला रखते हैं। पुत्र अपने माता-पिता को तभी तक मानते हैं, जब तक स्त्री का मुँह नहीं दिखाई पड़ता॥2॥

**ससुरारि पिआरि लगी जब तें। रिपुरूप कुटुंब भए तब तें॥**
**नृप पाप परायन धर्म नहीं। करि दंड बिडंब प्रजा नितहीं॥**

जब से ससुराल प्यारी लगने लगी, तब से कुटुम्बी शत्रु रूप हो गए। राजा लोग पाप परायण हो गए, उनमें धर्म नहीं रहा। वे प्रजा को नित्य ही (बिना अपराध) दंड देकर उसकी विडंबना (दुर्दशा) किया करते हैं॥

**धनवंत कुलीन मलीन अपी। द्विज चिन्ह जनेउ उघार तपी॥**
**नहिं मान पुरान न बेदहि जो। हरि सेवक संत सही कलि सो॥**

धनी लोग मलिन (नीच जाति के) होने पर भी कुलीन माने जाते हैं। द्विज का चिह्न जनेऊ मात्र रह गया और नंगे बदन रहना तपस्वी का। जो वेदों और पुराणों को नहीं मानते, कलियुग में वे ही हरिभक्त और सच्चे संत कहलाते हैं॥

क्रमश:

## विपक्ष ने चुनावों से पहले खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली

20 सितंबर 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी ने कहा, 'गली-गली में शोर है, देश का चैकीदार चोर है।' राहुल गांधी की चैकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। बीजेपी के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चैकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, चौकीदार चोर है का नारा देने के कारण राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी।

3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है?

लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।'

पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नए अभियान की शुरुआत कर दी। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। साल 2019 में भी पीएम मोदी ने विपक्ष के हमले से ही एक ऐसा हथियार निकाला और इस तरह अभियान चलाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सारी कोशिशें ध्वस्त हो गई थीं और भारतीय जनता पार्टी 2014 की तुलना में बड़ी जीत के साथ सत्ता में वापसी की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने एक्स पर अपने बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखकर इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान तेजी से वायरल हो गया और बड़ी संख्या में बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने अपनी बॉयो में 'मैं भी चैकीदार' लिखना शुरू कर दिया। गली-गली पोस्टर लग गए। सिर पर टोपी आई जिस पर लिखा था- मैं भी चौकीदार। हर बड़ी हस्ती खुद को चौकीदार बताने लगी थी। चायवाला बनकर अगर पीएम रिक्शा, रेहड़ी-पटरी वाले तबके से जुड़ते हैं तो 'मैं भी चौकीदार' से उन्होंने



एक बड़े तबके को खुद से जोड़ने की कोशिश की, वो प्रयोग सफल रहा। यह अभियान चुनाव खत्म होने तक जारी रहा। 2019 में जहां मैं भी चौकीदार नारा चर्चा में आया था तो वहीं अबकी बार मोदी का परिवार सुर्खियों में है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस बार विपक्ष ने फिर से वही गलती कर दी है।

2014 के चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी पर एक और हमला किया था। अय्यर ने कहा था कि वो चायवाला क्या प्रधानमंत्री बनेगा। इस बयान पर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर रही थी। पीएम ने अय्यर की टिप्पणी पर जवाब अपने ही अंदाज में दिया था। मोदी ने चुनावी कैंपेन के दौरान खुद को चायवाला बताकर कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए थे। इस बयान को मुद्दा बनाया गया था और चाय पर चर्चा कार्यक्रम रखे गए थे। उस वक्त भी इसी तरह बीजेपी ने उनके इस बयान को लपका था। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उस वक्त ना सिर्फ तालकटोरा स्टेडियम के बाहर चाय बेची थी बल्कि बीजेपी की लोकसभा चुनाव की पूरी रणनीति ही 'चाय' पर केंद्रित हो गई थी।

2007 में गुजरात चुनाव के दौरान सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 2017 में पीएम मोदी को नीच इंसान बताया था, गुजरात चुनाव के दौरान दिया गया ये नारा भाजपा ने जातिवाद से जोड़ दिया था। पीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस के लोग मुझे नीच कहते हैं। गुजरात के बेटे के इन शब्दों का प्रयोग कांग्रेस को भारी पड़ेगा। प्रदेश के नतीजे इसके गवाह होंगे। 2017 के चुनाव में बीजेपी ने शानदार विजय हासिल की थी।

2019 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन को बड़ी जीत हासिल हुई थी। भाजपा ने 2014 में 282 सीटें जीती थी। वहीं 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने अकेले तीन सौ के आंकड़ों को पार किया और 303 सीटों पर जीत का परचम लहराने में सफल रही। अन्य सहयोगी पार्टियों के साथ ने इस जीत को और प्रचंड बना दिया। एनडीए ने लोकसभा की कुल 353 सीटों पर कब्जा किया, वहीं कांग्रेस की अगुवाई वाला यूपीए 92 सीटों पर सिमट कर रह गया। कांग्रेस के अकेले प्रदर्शन की बात करें तो काफी खींच-तान के बाद पार्टी को महज 52 सीटों पर सफलता मिली। भाजपा की इस बड़ी जीत के बाद भारतीय राजनीति में विपक्ष के सामने एक बार फिर अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया था। 2014 के चुनावों की बात करें तो कांग्रेस महज 44 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी और उस बार भी सदन को विपक्ष का नेता नहीं मिल पाया था।

2019 के आम चुनाव में विपक्ष की ओर से राहुल गांधी पीएम मोदी के मुकाबले मैदान में थे। इस बार इंडी अलांयस मैदान में तो है, लेकिन उसकी ओर से कोई सर्वसम्मत चेहरा मैदान में नहीं है। विपक्ष को समझना चाहिए कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में चमत्कारी चेहरा है। उनकी नीतियों और फैसलों में खामी ढूंढ़कर जनता के सामने रखा जा सकता है लेकिन जब पीएम खुद को सबसे बड़ा ओबीसी नेता बता रहे हों, चुनाव करीब हो तब विपक्ष की एक गलती सारे समीकरण गड़बड़ा सकती है। अब परिवार वाले तंज पर ही देखिए कैसे पीएम ने रैली में भावुक अंदाज में देशभर के लोगों तक मैसेज पहुंचा दिया। हां, पीएम ने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं को लेकर मैं आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा।' पश्चिम बंगाल के बारासात में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज देश का हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर बहन-बेटी कह रही है कि मैं हूं मोदी का परिवार। सालों तक परिवार से विरक्त रहा हूं। लेकिन एक दिन भी भूखा नहीं रहा। इसीलिए मैं कहता हूं कि यही मेरा परिवार है। 140 करोड़ देशवासी ये मेरा परिवार है।'


देश के राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो पीएम मोदी पर लगातार कांग्रेस और विपक्ष अभद्र टिप्पणी और निजी हमले करते रहे हैं। कभी पीएम मोदी को रावण कहा गया तो कभी जहरीला सांप, कभी मौत का सौदागर कहा गया तो कभी चौकीदार चोर है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विपक्ष लगातार हमले करते रहा और पीएम मोदी सहजता से उन हमलों और टिप्पणियों को अपना हथियार बनाते रहे। इस बार भी कुछ वैसा ही देखने को मिल रहा है। विपक्ष ने बैठे बैठाए भाजपा को मुद्दा थमा दिया है। भाजपा को 'मोदी का परिवार' अभ्यिान विपक्ष को भारी पड़ने वाला है।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**


## राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : चतुर्दशी


( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोडा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
धन का आवक बढ़ेगा। कुंबो में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।




**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्चर सुधरेगा।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है।

# रूद्राभिषेक से मन को मिलती है शांति : सत्या



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कल महाशिवरात्रि के अवसर पर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन बीटा-। सेक्टर में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता संदीप भाटी (सत्या) ने अपनी पत्नी के साथ शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया।

इस अवसर पर पांच पंडितों ने रुद्राभिषेक कार्यक्रम को पूरे विधि विधान के साथ संपन्न करवाया रुद्राभिषेक के समापन के बाद भाजपा नेता संदीप भाटी सत्या ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से समाज एवं देश तथा परिवार में सुख शांति आती है इसलिए सभी को चाहिए कि वह महाशिवरात्रि एवं अन्य पर्व पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर करते रहे।

# प्राधिकरण की तानाशाही बर्दाश्त नहीं : भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की तानाशाही के खिलाफ शाहदरा गांव में आज भी किसानों का धरना जारी रहा। धरने

पर पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि प्राधिकरण की नीति के खिलाफ आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक किसानों को उनका न्याय नहीं मिल जाता है। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस दिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने जिस तरह से तानाशाही का परिचय देते हुए मार्केट को तोड़ा है वह निंदनीय है। हातिम सिंह भाटी ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न करने वाले कभी भी लंबे समय तक सत्ता में नहीं बने रह सकते हैं।

इस अवसर पर रामवीर भाटी, उधम भाटी सहित भारी संख्या में किसान एवं महिलाएं मौजूद रही।



## अमित भाटी बने क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्रभारी, बधाईयों का तांता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने भाजपा नेता अमित भाटी एडवोकेट (लड़पुरा) को पश्चिम क्षेत्र का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। अमित भाटी के सोशल मीडिया प्रभारी पश्चिम प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।



एक बातचीत के दौरान नवनियुक्त क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अमित भाटी (लड़पुरा) ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा मुझे दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। बता दें कि अमित भाटी काफी समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और कई अहम पदों पर भी रह चुके हैं। अमित भाटी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## किसान नेता को मातृ शोक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान नेता राजकुमार रूपवास की माता श्रीमती हरबती देवी (उम्र 80) वर्ष का कल निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर किसान नेताओं एवं अन्य सामाजिक लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।



सर्वविदित हो कि किसान नेता राजकुमार रूपवास की माता बीमार थी और उनकी उम्र 80 वर्ष बताई गई है उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। हरबती देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

# भंडारे का हुआ आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल महाशिवरात्रि के अवसर पर सेक्टर-81 स्थित सलारपुर गांव में शिव मंदिर पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से हुआ।

यह जानकारी किसान नेता सुभाष भाटी ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने मंदिर पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर किसान नेता अशोक भाटी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, सीटू व सीपीआईएम ने कल बरौला लगातार आवाज उठाती रहती हैं इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में नागरिकों की सुविधाओं के मुद्दों को भी




सेक्टर-49 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाश डालते हुए जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष रेखा चौहान ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़े गए संघर्षो को याद करने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए संकल्प दोहराने का दिन है जनवादी महिला समिति महिलाओं के साथ भेदभाव अत्याचार दहेज छेड़छाड़ यौन उत्पीड़न घरेलू हिंसा के खिलाफ उठाती रही है और आज के दिन हमें अपने व अपने बच्चों के हक और उनकी बेहतर जिंदगी बनाने के लिए संघर्ष को तेज करने का संकल्प लेने का दिन है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को जनवादी महिला समिति की जिला कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, समिति की कार्यकर्ता कल्पना, मधु शर्मा, ओमवती, कीर्ति, लता, कविता, उर्मिला, कंचन, सरोज आदि ने संबोधित किया।

# पर्स चुराया, रेस्टोरेंट में खाना खाया फिर क्रेडिट कार्ड से दिया बिल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गुड़गांव की मोती लाल ओसवाल फाइनेंस कंपनी के रिलेशनशिप मैनेजर को नशीला पदार्थ सुंघाकर दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन व पर्स निकाल लिया। पर्स में रखे क्रेडिट कार्ड के जरिए बदमाशों ने 64500 निकाल लिए। इसके अलावा बदमाशों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए रेस्टोरेंट में खाने का भी भुगतान किया है। पीड़ित मैनेजर ने थाना सेक्टर 49 में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से ग्राम जाटोला जनपद बुलंदशहर निवासी शिवम सारस्वत ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह गुड़गांव स्थित मोतीलाल ओसवाल फाइनेंस कंपनी में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। बीते 6 मार्च को वह ड्यूटी खत्म कर नोएडा स्थित अपने आवास के लिए आ रहे थे। सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलने पर दो अपरिचित युवकों ने उससे बात करनी शुरू कर दी। बात करने के दौरान उन्होंने उसे कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिसके बाद वह अपनी सुध-बुध खो बैठा। कुछ देर बाद जब उन्हें होश आया तो उनका मोबाइल फोन गायब था। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि उनके पर्स में रखे क्रेडिट कार्ड के जरिए बदमाशों ने उनके अकाउंट से तीन बार में 64500 निकाल लिए हैं। उन्होंने जब क्रेडिट कार्ड की डिटेल निकलवाई तो पता चला कि बदमाशों ने सेक्टर 18 के एक रेस्टोरेंट में भी खाना खाया था और उसके ही क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया था। पीड़ित ने रेस्टोरेंट से सीसीटीवी फुटेज निकलवाई है जिसमें दो युवक नजर आ रहे हैं। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करा दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# उधार के पैसे न लौटाना पड़ा महंगा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उधार लिए गए 400 रूपये वापस न लौटाना युवक को खासा महंगा पड़ा। पैसे न देने पर पिता पुत्र ने युवक की पिटाई कर उसे घायल कर दिया।

ग्राम कलौंदा निवासी रवींद्र ने पड़ोस में रहने वाले करण से 400 रूपये उधार लिए थे। रविंद्र ने इन पैसों को जल्द वापस लौटने का आश्वासन दिया था। काफी समय बीतने के बाद रवींद्र ने जब पैसे वापस नहीं लौटाए तो करण ने उसे अपने पैसे वापस मांगे। इस पर रवींद्र ने जल्द ही पैसे देने की बात कही। रविंद्र द्वारा पैसे ना देने से पर करण व उसके बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान करण तथा उसके पिता प्रमोद ने रविंद्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित रविंद्र ने पिता पुत्र के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है।

# एसीईओ ने सेक्टर ईकोटेक थ्री का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बृहस्पतिवार को औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक थ्री का निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों एसीईओ ने सड़कें, सीवर, नाली, पानी की सप्लाई आदि सुविधाओं को देखा। टूटी सड़कें और नालियों को रिपेयर कराने के निर्देश दिए। एसीईओ ने संबंधित वरिष्ठ प्रबंधकों को सेक्टर के उद्यमियों से मिलकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने को कहा है।

इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक अनुज आनंद आदि मौजूद रहे।

एसीईओ ने परियोजना विभाग के अधिकारियों को अन्य औद्योगिक सेक्टरों के उद्यमियों से भी संपर्क कर उनकी समस्याओं को शीघ्र हल करने के निर्देश दिए।

**उत्तर मध्य रेलवे**

सं.-पी/आगरा/राज./चिकित्सा/सीएमपी  दिनांकः 05.03.2024

**संविदा के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार**

**उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में 01 (एक) संविदा चिकित्सक** (General Duty Medical Doctor) एवं **01 संविदा चिकित्सक (नेत्र रोग विशेषज्ञ) सहित कुल 02 (दो)** संविदा चिकित्सकों को एक वर्ष की अवधि के लिये करार के आधार पर पूर्णकालिक तौर पर अनुबन्ध करने हेतु निम्नलिखित विवरण के आधार पर ओपन मार्केट के चिकित्सकों एवं केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/भा0रे0 चिकित्सा सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत्त चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**रिक्तियों की संख्या - 02**

| क्र. सं. | विशेषता | पदों की संख्या | कार्य स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | संविदा चिकित्सकों(General Duty Medical Officer) | 01 | आगरा मंडल के अधिकार क्षेत्र का कोई भी रेलवे अस्पताल या रेलवे स्वास्थ्य इकाई। आगरा, मथुरा जं0 आदि। |
| 02 | संविदा चिकित्सक (नेत्र रोग विशेषज्ञ) | 01 | मंडल रेलवे चिकित्सालय, आगरा छावनी |
| | कुल | 02 | |

**रिक्तियों का विवरण निम्न प्रकार हैः-** सामान्य-निल, अन्य पिछड़ा वर्ग-01, अनुसूचित जाति-01, अनुसूचित जनजाति-निल, = कुल - 02

**रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 2018/Trans.Cell/Health/Medical/Issues दिनांक 24.08.2018** के अनुसार ओपन मार्केट के चिकित्सकों (केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/भ0 रेलवे चिकि0 सेवा के अलावा) की आयु उक्त नोटिफिकेशन जारी होने की दिनांक को 53 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐंगेज किये गये चिकित्सकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष या कॉन्ट्रैक्ट की 12 टर्म तक (जो भी पहले हो) होगी। केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/भा0 रे0 चिकि0 सेवा के सेवानिवृत्त चिकित्सकों को अनुबन्धित करने के लिए आयु सीमा 67 वर्ष है। कॉन्ट्रेक्ट की अवधि को आवश्यकता होने पर एक वर्ष के बाद साल दर साल के आधार पर बढाया जा सकता है।

**प्रत्यक्ष साक्षात्कार एवं चिकित्सा परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान-**

| प्रत्यक्ष साक्षात्कार एवं | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| चिकित्सीय परीक्षण | 20.03.2024 | प्रातः 10.00 बजे | मंडल रेल प्रबन्धक, कार्यालय कार्मिक शाखा, आगरा |

अभ्यर्थी अपना आवेदन दो प्रतियों में दिनांक **20.03.2024 को प्रातः 10.00 बजे** तक निर्धारित संलग्न प्रारूप पर उपरोक्त स्थान पर प्रस्तुत करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित तिथि, समय एवं स्थान पर प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना है। अधिसूचना की प्रति उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in>aboutus>Division>Agradivision>Medical**से डाउनलोड की जा सकती है। **399/24(K)**

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### 04033/04034 नई दिल्ली-शहीद कैप्टन तुषार महाजन-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 04033 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04034 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:10 | --- | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | --- | 20:55 |

**चलने के दिन : 04033 नई दिल्ली** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार) और **04034 शहीद कैप्टन तुषार महाजन से** दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (शनिवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
**ठहराव :** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना कैंट, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट और जम्मू तवी स्टेशन

### 04075/04076 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 2 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 04075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | --- | 20:25 |

**चलने के दिन : 04075 नई दिल्ली** से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (बुधवार, रविवार) और **04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से** दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (वीरवार, सोमवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
**ठहराव :** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

### 04080/04079 दिल्ली जं.-वाराणसी-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 3 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 04080 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04079 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | --- |
| 09:45 | --- | वाराणसी | --- | 18:20 |

**चलने के दिन : 04080 दिल्ली जं.** से दिनांक 21.03.2024 से 30.03.2024 तक (सोमवार, वीरवार, शनिवार) और **04079 वाराणसी से** दिनांक 22.03.2024 से 31.03.2024 तक (मंगलवार, शुक्रवार., रविवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान।
**ठहराव :** गाजियाबाद, मुरादाबाद, आलमनगर, लखनऊ और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

### 01654/01653 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-वाराणसी-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 01654 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01653 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | --- |
| 23:55 | --- | वाराणसी | --- | 05:30 |

**चलने के दिन : 01654 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से** दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) और **01653 वाराणसी से** दिनांक 26.03.2024 से 02.04.2024 तक (मंगलवार)।
**स्थान :** वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य। **ठहराव :** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ, राय बरेली और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन

### 02371/02372 हावड़ा-बनारस-हावड़ा एक्सप्रेस विशेष

| रेलगाड़ी सं. 02371 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02372 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:15 | हावड़ा | 12:20 | --- |
| 21:15 | 21:20 | वाराणसी | 23:45 | 23:50 |
| 21:45 | --- | बनारस | --- | 23:05 |

**चलने के दिन : 02371 हावड़ा से** और **02372 बनारस से** दिनांक 23.03.2024 (शनिवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. और वाराणसी स्टेशन।

### 04064/04063 दिल्ली जं.-टूण्डला जं.-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:20 | दिल्ली जं. | 22:15 | --- |
| 17:15 | --- | टूण्डला जं. | --- | 17:45 |

**चलने के दिन : 04064 दिल्ली जं.** से और **04063 टूण्डला जं. से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** दिल्ली शाहदरा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, दादरी, खुर्जा, अलीगढ़ और हाथरस स्टेशन।

### 04923/04924 सहारनपुर-अंबाला कैंट-सहारनपुर एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04923 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04924 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अंबाला कैंट | --- | 20:22 |

**चलने के दिन : 04923 सहारनपुर** से और **04924 अंबाला कैंट** से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** पिलखनी, सरसावा, कलानौर, जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बरारा, तंदवाल, केसरी और दुखेड़ी स्टेशन।

### 04051/04052 दिल्ली जं.-पानीपत-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04051 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04052 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | दिल्ली जं. | 15:40 | --- |
| 12:10 | --- | पानीपत | --- | 13:10 |

**चलने के दिन : 04051 दिल्ली जं.** से और **04052 पानीपत** से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** सब्जी मंडल, नरेला, सोनीपत और समालखा स्टेशन।

### 04249/04250 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04250 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04249 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:25 | वाराणसी | 22:35 | --- |
| 12:25 | --- | लखनऊ | --- | 16:35 |

**चलने के दिन : 04249 वाराणसी जं.** से और **04250 लखनऊ** से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, अयोध्या धाम और बाराबंकी स्टेशन।

### 04048/04047 नई दिल्ली-आगरा कैंट-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04048 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:20 | नई दिल्ली | 18:45 | --- |
| 11:15 | --- | आगरा कैंट | --- | 14:30 |

**चलने के दिन : 04048 नई दिल्ली से** और **04047 आगरा कैंट से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** फरीदाबाद, पलवल और मथुरा स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
755/2024
पर हमें फॉलो करें
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क में 'पुष्पोत्सव 2024' का आगाज

## दादरी विधायक तेजपाल नागर ने किया शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में 'पुष्पोत्सव 2024' का शुक्रवार को आगाज हो गया है। दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग और फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की टीम की मौजूदगी में पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी शहर की सुंदरता वहां की हरियाली, पार्कों की स्थिति व फूल-पौधों से होती है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा एनसीआर के सभी शहरों में सबसे आगे है। विधायक ने ग्रेटर नोएडा को हरा-भरा शहर बनाए रखने के लिए प्राधिकरण की सराहना भी की।



एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि पुष्प हमारे आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संजोने का संदेश देते हैं। प्राधिकरण व फ्लोरीकल्चर सोसायटी की तरफ से दादरी विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर आयोजित हो रही यह पुष्प प्रदर्शनी 10 मार्च तक चलेगी। इसमें फूलों की सैकड़ो प्रजातियां देखने को मिल रहीं हैं। पहला दिन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पुष्प उत्सव का आनंद लेने पहुंचे। इस बार डहेलिया को थीम पुष्प बनाया गया है। पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की खेती, विशेषज्ञों से तैयार पुष्प डिजाइन, लैंड स्केपिंग, गमलों एवं स्पॉट गार्डन की सजावट आदि देखने लायक है। तीनों दिन तक लाइव गीत-संगीत और नृत्य-कला के कार्यक्रम हो रहे हैं। स्कूली छात्रों और आम नागरिकों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताएं भी हो रही है। 'पुष्पोत्सव 2024' के अंतिम दिन 10 मार्च को विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर प्राधिकरण की ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक नथोली सिंह वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल आदि अधिकारी गण व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने पर मनोज चौधरी का लखनऊ कार्यालय आगमन पर प्रदेशाध्यक्ष राम आशीष राय द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।**

## दो जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो जिला बदर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला बदर किए जाने के बावजूद भी दोनों बदमाश जनपद की सीमा में आपराधिक वारदात को अंजाम देने के राधे से घूम रहे थे।

थाना सेक्टर 63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर बदमाश रूपेश कुमार मिश्रा पुत्र सुनील कुमार मिश्रा निवासी चोटपुर अपने घर पर रह रहा है सूचना के आधार पर पुलिस ने घर पर दबिश देकर उसे दबोच लिया। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था गौतमबुद्धनगर द्वारा 25 अक्टूबर 2023 को रूपेश कुमार मिश्रा को जिला बदल किया गया था 4 नवंबर को उसे जिला बदर किए जाने का नोटिस तामील करा दिया गया था।

वहीं थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी की जिला बदर बदमाश मोनू उर्फ मानवेंद्र निवासी ग्राम खेड़ी अपने घर आया हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम खेड़ी में छापा मारकर आरोपी मोनू उर्फ मानवेंद्र को दबोच लिया।

## कोरियर डिलीवर व कमाई का ऑफर देकर ठगा

**नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर जालसाजों ने युवती व युवक को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपए हड़प लिए। साइबर ठगों से पीड़ित लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-51 निवासी दिशा गौतम ने बताया कि उन्होंने एक कूरियर डिलीवरी के लिए भेजा था। 24 फरवरी को अतुल कुमार नाम के व्यक्ति ने उन्हें फोन कर इमरजेंसी डिलीवर चार्ज के नाम पर 2 ट्रांसफर करने को कहा इसके लिए उसने उसके मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजी एपीके फाइल पर क्लिक करके 2 ट्रांसफर कराए गए अगले दिन उसके खाते से 70000 रूपये निकल गए।

बैंक से मैसेज आने पर उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ जिस पर उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। उन्होंने थाना सेक्टर-49 में मामला दर्ज कराया है।

वहीं सेक्टर-126 के ग्राम रायपुर खादर में रहने वाले राकेश मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों उसके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति का मैसेज आया उक्त व्यक्ति ने टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन कर पैसे कमाने का ऑफर दिया। पैसे कमाने के लालच में वह उसके टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया इसके बाद उससे ट्रेड करने के नाम पर 252000 रूपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा ना मिलने पर उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने और पैसे इन्वेस्ट करने को कहा। उसके इनकार करने पर उक्त व्यक्ति ने पूर्व में इन्वेस्ट किए गए पैसे को जप्त करने की बात कही। पीड़ित ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात साइबर तक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## गैंगस्टर में वांछित बदमाश दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं पकड़े गए बदमाश पर10000 का इनाम भी घोषित है।

थाना प्रभारी विपिन कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एलजी गोल चक्कर के पास एक बदमाश तमंचे के साथ आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर बदमाश को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम विकास कुमार पुत्र इंद्रजीत सिंह निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ बताया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया विकास गैंगस्टर एक्ट के मामले में पिछले काफी समय से वंचित चल रहा था वांछित चलने के कारण इस पर 10000 रूपये का इनाम भी घोषित था।

## जेजे कालोनी में युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बिहार निवासी आदिल पुत्र आगे सेक्टर 8 की जेजे कॉलोनी में जा रहा था । बीती शाम परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखकर नीचे उतरा और चिकित्सा के पास ले गए चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर थाना फेस वन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था।

## दो युवकों की संदिग्ध मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव में किराए पर रहने वाला गंगाराम बीती रात्रि अपने साथियों के साथ सोया था सुबह जब उसके साथियों ने देखा तो वह बेसुध पड़ा हुआ था साथी उसे चिकित्सक के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के बिशनपुर गांव स्थित ठेके के बाहर एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**लोकसभा चुनाव अकेले....**

बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें।

मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं।

**अब नहीं हो पाएगा....**

मंगलवार से शुरू होगी। जिसमें किसानों का वर्ष 2011 के हिसाब से आबादी का निस्तारण 450 वर्ग मीटर से किया जाएगा। जिसमें किसानों के सभी दस्तावेजों की पड़ताल होगी। जिससे उसकी आबादी का निस्तारण किया जा सके। यह भी देखा जाएगा कि उसकी कितनी जमीन अधिग्रहित हुई है, उसमें कितने खाते दार शामिल रहे। किस-किस को कितना लाभ मिल चुका है। किन लोगों का मामला कोर्ट में है और कितना मुआवजा दिया जा चुका है।

आबादी निस्तारण के लिए प्राधिकरण सेटेलाइट इमेज का सहारा लेगी। ये इमेज नियमावली 2011 के तहत कराई गई थी। अब दोबारा से सेटेलाइट इमेज ली जा सकती है। ताकि आबादी निस्तारण के समय ली गई सेटेलाइट इमेज से नई इमेज का मिलान कराया जा सके। इससे पता चल जाएगा कि गांव में कहां-कहां अतिक्रमण है।

ओएसडी ने ये भी बताया कि जिन जमीनों का मुआवजा उठा लिया गया है वहां अतिक्रमण न के बराबर है। लेकिन जो जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित है। या जिसका मुआवजा किसानों ने नहीं उठाया वहीं पर अतिक्रमण की समस्या सबसे ज्यादा है।

**कैंटर को जांच के .....**

गोल चक्कर के पास वाहनों की चेकिंग कर रहा था। इस दौरान एक कैंटर को जांच के लिए रोका गया। कैंटर चालक ने बताया कि उसमें डाबर के विभिन्न प्रोडक्ट हैं। सचल दल ने जब चालक से माल संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह उन्हें लाने की बात कह कर वहां से खिसक गया। काफी देर इंतजार के बाद जब चालक वापस नहीं लौटा तो सचल दल ने कैंटर की तलाशी ली। कैंटर में डाबर प्रोडक्ट की जगह शराब व बीयर की पेटियां भरी हुई थी। इसके बाद आबकारी विभाग को सूचना दी गई। आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें से 653 पेटी अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद हुई। शराब व बीयर पंजाब तथा अरुणाचल प्रदेश मार्क की है। करीब चार दिन बीतने के बाद भी वाहन चालक जब शराब से संबंधित प्रपत्र लेकर नहीं आया तो इस शराब को जप्त कर थाना कासना पुलिस को सूचना दी गई।

उन्होंने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 35 लाख रुपए है। इस शराब को पंजाब में अरुणाचल प्रदेश से लाकर बिहार ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कांटेक्ट नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**सोसायटी के सामने....**

उसने शोर मचाकर बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**जीवन जीने की सही...**

तेरापंथ जैन समाज की यह सभी विदुषी साधनियां यहां पर आगामी दो दिनों तक रहकर लोगों को जीवन जीने की सही कल के बारे में बताएंगी। सोमवार को समाज तथा संस्कृत विषय पर ये अपने सारगर्भित विचार भी रखेंगी।

तेरापंथ जैन समाज के प्रवक्ता विकास जैन ने बताया कि आगामी दो दिनों में नोएडा में जैन तेरापंथ समाज द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । जिसमें प्रमुख तौर पर सोमवार को एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय समाज और संस्कृति रहेगा।

साध्वी अनीमा श्री ने बताया कि इंसान किस प्रकार अपने जीवन को जीने के लिए उधेड़बुन करता है परंतु उसे सही जीवन जीने की कला का नहीं पता है। हम किस प्रकार अपना जीवन संस्कार और आदर्शों के साथ जी सकते हैं। इसके ऊपर हम सोमवार को विस्तार से बातचीत करेंगे। इस मौके पर आज तेरापंथ जैन समाज के प्रवक्ता विकास जैन के अलावा रजत बोथरा, दिलीप, सुरेन्द्र, मुकेश जैन, आरती कोचर, कविता लोढा समेत जैनसमाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**महाशिवरात्रि पर व्रत का ....**

इस मामले को लेकर ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाने की पुलिस का कहना है कि आठ मार्च की शाम छात्रों भोजन खाया गया था। जिससे छात्रों को पेट खराब हो गया, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है, सभी छात्रों की हालत ठीक है। सूचना के बाद फूड विभाग की टीम ने हॉस्टल पहुंचकर खाने की जांच की है। छात्रों ने होस्टल संचालक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

**बिल्डर ने बुक कराई गई ....**

और इसकी एवज में पूरी रकम ले लिए है। यह जानकारी मिलने पर उन्होंने जब बिल्डर राजकुमार गुप्ता से बात की तो उन्होंने एक दुकान उन्हें वापस लौटा दी लेकिन दूसरी दुकान के पैसे नहीं दिए। उसने कई बार बिल्डर से अपने पैसे मांगे लेकिन उसने पैसे वापस नहीं लौटाए। शिरीषचंद्र अग्रवाल ने इस मामले में थाना बिसरख पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई इसके बाद उन्होंने न्यायालय में याचिका दायर कर बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**भाई पर बहनोई ने ....**

नंदग्राम गाजियाबाद निवासी गौरव पाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी देवग्रीन सोसाइटी शाहबेरी निवासी विवेक के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही उनकी बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। 7 मार्च की सुबह उनका भाई अभिषेक बातचीत करने के लिए अपनी बहन के घर पहुंचा। अभिषेक सोसायटी के बाहर ही खड़ा हुआ था। इस दौरान ओमवीर उसका भाई रजत तथा मां सीमा कार में सवार होकर वहां से जाने लगे। अभिषेक ने जब सोसायटी का गेट बंद कर कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चला रहे रजत ने गेट में जोरदार टक्कर मार दी और गाड़ी उसके ऊपर चढ़ा दी। इस हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर अभिषेक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसके पैर में दो जगह फ्रैक्चर आये हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रजत, विवेक तथा उनकी मां सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**रियल स्टेट बिजनेस में....**

वर्ष-2020 में गोपाल राम ने अपने घर पर संपत्ति देवी से उसकी मुलाकात कराई। दोनों के झांसे में आकर वह रियल स्टेट के बिजनेस में इन्वेस्टमेंट करने के लिए तैयार हो गया। दोनों आरोपियों ने 11 दिसंबर 2020 को एक पार्टनरशिप डीड तैयार कराई जिसमें उसे फॉर्म में 34 प्रतिशत का हिस्सेदार दिखाया गया। इसके बाद उसे 10 लाख रुपए इन्वेस्टमेंट कराए गए पूर्व परिचित होने के कारण गोपाल राम की बात पर विश्वास करते हुए उसने 10 लाख रुपए संपत्ति देवी की फार्म के नाम से दे दिए। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके द्वारा दी गई धनराशि को कहीं पर भी इन्वेस्ट नहीं किया गया है और दोनों ने मिलकर उसे हड़प लिया है। इस पर उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने जल्द ही पैसे लौटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों उसे पैसे देने के नाम पर टरकाते रहे। 2023 में उसने गोपाल राम से फोन पर अपनी धनराशि वापस मांगी तो उसने धमकी दी कि वह अपनी धनराशि भूल जाए और भविष्य में अगर धन मांगा तो उसे तथा उसके परिवार को खासा महंगा पड़ेग।

बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**कैरियर मंत्रा के नाम....**

प्रभा गौतम के मुताबिक दिसंबर माह में उसने आईएमएस नोएडा के ऑफिस में कई लोगों को विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी और कई महीने तक उनसे काम कराया। इस दौरान लोगों को सैलरी नहीं दी गई। लोगों ने जब नूर आलम हुसैन से सैलरी मांगी तो उसने धमकियां देकर उन्हें आतंकि किया। प्रभा गौतम के मुताबिक नूर आलम हुसैन ने जनवरी माह में कई शिक्षा मेलों का आयोजन किया और इनमें सैकड़ों लोगों से काम कराकर करोड़ों रुपए की आमदनी की। इसके बावजूद भी इसने काम करने वाले लोगों का पैसा नहीं दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रभा गौतम सहित कई अन्य लोगों ने भी धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बेलगाम वाहनों की चपेट में आकर दो मरे

**नोएडा (चेतना मंच)।** बेलगाम वाहनों की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

थाना बादलपुर क्षेत्र के अच्छेजा गांव के पास बीती शाम तेज गति आ रहे ट्रक ने पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा है जहां उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी के पास सड़क किनारे लहू लुहान हालत में एक युवक शव पड़ा हुआ मिला है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई है मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।



# वुमन डे पर सचिन तेंदुलकर ने शेयर की खूबसूरत कहानी, अपनी फैन को याद किया




मुंबई (एजेंसी)। इंटरनेशनल वुमन डे पर भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत कहानी पोस्ट की है। यह कहानी है जैसिंथा कल्याण की जिन्हें भारत में पहली महिला पिच क्यूरेटर होने का मान हासिल हुआ है। सचिन ने इस दौरान साल 2008 की वह फोटो भी शेयर की है जब इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने पर महिला ग्राउंड स्टाफ उनसे हाथ मिलाने आ गई थी। सचिन ने अपनी पोस्ट में महिला सशिक्तकरण की मजबूती की सराहना की है।

सचिन ने एक्स पर पोस्ट डालकर लिखा- पिछले कुछ वर्षों में भारत और दुनिया भर में खेल में महिलाओं की वृद्धि बहुत उत्साहजनक रही है।

साल 2008 में, 26/11 के बाद, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीता और यह पूरे देश के लिए एक भावनात्मक क्षण था। यह उन पहले लोगों में से एक थी जिनके साथ मैं इस भावना को साझा करने में सक्षम रहा। यह एक महिला ग्राउंड स्टाफ सदस्य थी। वो पल बेहद खास था।

वर्षों बाद 2024 में जैसिंथा कल्याण भारत की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनीं। उम्मीद है कि भविष्य में और भी आने वाली हैं, उनमें से वह पहली हैं। इस सअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, आइए हम इन रोल मॉडलों को प्रोत्साहित करें और उनकी सराहना करें जो सभी क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़े और उदाहरण स्थापित करना जारी रखें।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# रोहित -गिल का डबल धमाका

## दोनों ने शतक जड़ बजाई इंग्लैंड की बैंड




**इंग्लैंड पर कसा शिकंजा, भारत 473/8, 255 की बढ़त**

धर्मशाला, एजेंसी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी बल्लेबाजी कर मेहमानों की बखिया उधेड़ दी है। रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस दौरान टेस्ट करियर का 12वां तो शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। यह इन दोनों ही खिलाड़ियों का इस सीरीज का दूसरा शतक है। लंच ब्रेक तक भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के सामने पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के पास 46 रनों की बढ़त है। गिल 101 तो रोहित 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 1 विकेट के नुकसान पर 135 रनों से की थी। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने दूसरे दिन के पहले सेशन में बिना विकेट खोए 129 रन जोड़े और मेहमानों को बैकफुट पर धकेला। दोनों ही खिलाड़ियों ने इस दौरान इंग्लैंड को आउट करने का एक भी मौका नहीं दिया। अगर इसी तरह अगले सेशन में भी दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो भारत आज 400 से अधिक रन बोर्ड पर लगा देगा।

### रोहित शर्मा ने की सचिन तेंदुलकर की बराबरी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 48वां शतक है, मगर इनमें से 35 शतक उन्होंने 30 की उम्र के बाद लगाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। दोनों ही खिलाड़ियों के नाम इस दौरान 35-35 शतक दर्ज हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय:-

9- रोहित शर्मा
4-विराट कोहली
4 - मयंक अग्रवाल
3- अजिंक्य रहाणे
3- केएल राहुल
3-ऋषभ पंत
3-शुभमन गिल
3- यशस्वी जयसवाल
3-रविंद्र जड़ेजा

### रोहित शर्मा ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है। दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

### एशियाई खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक शतक

50 - सचिन तेंदुलकर
41-विराट कोहली
27 - महेला जयवर्धने
25 - रोहित शर्मा
21- कुमार संगकारा
19 - राहुल द्रविड़
19 - वीरेंद्र सहवाग


रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट में जड़ा शतक तो कभी नहीं हारा भारत

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का यह 12वां शतक है। रोहित शर्मा के शतक के साथ यह बात तो सुनिश्चित हो गई है कि भारत यह मैच नहीं हारेगा। दरअसल, रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है तब-तब भारत को हार का मुंह नहीं देखने को मिला है। धर्मशाला टेस्ट में भी यही उम्मीद रहेगी।

इंडियन वेल्स

# वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स

इंडियन वेल्स (एजेंसी)। पिछले 6 महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6.2, 3.6, 0.6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में



अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीनस अब शीर्ष 450 में भी नहीं है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं बरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में 3 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6.3, 6.1 से हराया।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर

# नूर-अली-जादरान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान के क्रिकेटर नूर अली जादरान ने गुरुवार, 7 मार्च को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। जादरान ने आखिरी मैच आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र (वनऑफ) टेस्ट खेला था,



जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान के लिए अपने भतीजे इब्राहिम अली जादरान के साथ ओपनिंग की थी।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एबीसी) ने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर ट्वीट के जरिए नूर अली जादरान के संन्यास की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि अनुभवी क्रिकेटर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# कीवी टीम 162 रन पर सिमटी

- जोश हेजलवुड ने 12वीं बार 5 विकेट लिए



सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन बना कर सिमट गया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 4 विकेट पर 124 रन बना कर 38 रन की लीड बना चुकी हैं।

मार्नस लाबुशेन 45 रन और नाथन लायन 1 रन बना कर नाबाद हैं। वे दूसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज जोश हेजलवुजड ने 5 विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क को तीन सफलताएं मिली।

न्यूजीलैंड की खराब बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी खराब रही। टीम के लिए टॉम लैथम और विल यंग ने ओपनिंग की। लैथम 38 रन और विल यंग 14 रन बना कर आउट हो गए। लैथम के आउट होते ही, पारी बिखर गई। केन विलियमसन 17 रन, रचिन रवींद्र 4 रन और डेरिल मिचेल 4 रन बना कर आउट हो गए।

टीम के 84 रन पर 5 विकेट हो गए। विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल ने 22 रन बनाए। वे कैमरन ग्रीन की बॉल पर आउट हो गए और ग्लेन फिलिप्स पहली बॉल पर आउट हो गए। आखिर में मैट हेनरी और कप्तान टिम साउदी ने कुछ रन जोड़े और साथ पारी की सबसे बड़ी 55 रन की साझेदारी की। साउदी 26 रन और हेनरी 29 रन बना कर पवेलियन लौटे। बेन सियर्स 0 रन बना कर नॉटआउट रहे।

**हेजलवुड को 5 विकेट-** ऑस्ट्रेलिया के पेसर जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआत में ही लैथम, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल और केन विलियमसन को चलता कर दिया, फिर आखिर में मैट हेनरी के विकेट के साथ 5 विकेट पूरे किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस और कैमरन ग्रीन को 1-1 सफलता मिली।

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ज्यादा रन नहीं बना सके। ओपनिंग करने आए स्टीव स्मिथ 11 रन और मैट हेनरी 16 रन बना कर आउट हुए।

# मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने लॉन्च की आईपीएल 2024 के लिए जर्सी

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस और सनराजइर्स हैदराबाद ने अपनी जर्सियां लॉन्च कर दी हैं। डिजाइनर मोनिशा जयसिंग द्वारा तैयार की गई मुंबई इडियंस की जर्सी मुंबई के उत्साही प्रशंसक आधार, पलटन, मुंबई इंडियंस के गौरव और शहर की जीवंत भावना की प्रतीक है। टीशर्ट नीले रंग की है जोकि अटूट प्रतिबद्धता और




वफादारी का प्रमाण देती है। डिजाइनर ने कहा कि जैसा कि हमारे खिलाड़ी प्रतिष्ठित नीले और सुनहरे रंग की जर्सी पहनते हैं, वे अपने साथ हमारे एमआई पलटन की आशाओं और सपनों को लेकर चलते हैं, जो कि ऊर्जावान हैं।

मुंबई इंडियंस ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि जर्सी सम्मान का प्रतीक है, इसे पहनने वाले सभी लोगों के लिए गर्व का प्रतीक है, क्योंकि उन्हें टीम की शानदार विरासत का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने के साथ-साथ टीम के प्रति अपना प्यार व्यक्त करने का मौका मिलता है।

इसी तरह सनराइजर्स हैदराबाद ने भी अपनी नई जर्सी का अनावरण करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जर्सी में सामान्य नारंगी टोन के साथ काले पैटर्न को शामिल किया है। यह नई जर्सी एसए 20 लीग की बेहद सफल सनराइजर्स ईस्टर्न केप जर्सी के समान दिखती है। एडेन मार्कराम की कप्तानी वाली टीम ने 2023 और 2024 दोनों में ड्20 लीग जीती थी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने सोशल मीडिया पर जर्सी की घोषणा की, जिसमें शीर्ष गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने नई शैली का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया- हैदराबाद की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए तैयार। सआईपीएल2024 के लिए हमारा नया ज्वलंत कवच, सप्लेविथफायर। जर्सी अनावरण पोस्ट ने पहले ही टीम के समर्पित प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जो अपनी टीम को शानदार नए रंगों में मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

# वो सचिन की तरह लगता है- शुभमन गिल का शॉट देख बोले अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ

धर्मशाला (एजेंसी)। धर्मशाला में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने शतक लगाकर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड पहले खेलते हुए 218 रन पर ही सिमट गई थी। इसके बाद शुभमन गिल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ



मिलकर टीम का स्कोर 3279 तक पहुंचाया। यह शुभमन गिल के करियर का चौथा शतक रहा। शुभमन को इस पारी के लिए सोशल मीडिया पर भी सराहना मिली। इस दौरान अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ ने तो उनकी तुलना सीधी सचिन तेंदुलकर से कर दी। रिचर्ड ने शुभमन के शतक बनाने की वीडियो शेयर करते हुए लिखा-

**भारतीय दर्शकों पर भारी रहे हैं रिचर्ड केटलब्रॉ -** आईसीसी आयोजनों में बतौर अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने कई मुकाबले खेले हैं। वह भारत के ऐसे कई नॉकआऊट मुकाबलों में अंपायर रहे जहां भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी थी। इसमें 2014 टी20 विश्व कप का फाइनल भी शामिल था, जिसमें भारत श्रीलंका से हार गया था। इसके अलावा 2015 वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल जिसमें ऑस्ट्रेलिया जीता था।

# विराट से अपनी बॉन्डिंग पर बोले डु प्लेसिस- हमारे बीच खेल को लेकर बहुत समानताएं हैं




नई दिल्ली (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि फिटनेस और खेल के प्रति सोच के कारण विराट कोहली के साथ उनकी काफी समानताएं मिलती हैं। आरसीबी के कप्तान ने कहा कि कुछ चीजें हैं जो विराट और मुझमें बहुत समान हैं, जिस तरह से हम खेल को देखते हैं या खेल के बारे में सोचते हैं, उसमें भी बहुत समानता है। हम खुद को कैसे देखते हैं और हम कैसा बनना चाहते हैं, इसमें भी बहुत समानता हैं। जाहिर तौर पर हम कड़ी मेहनत करने, फिट रहने और अच्छा खाने पर ध्यान देते हैं। हम एक पेशेवर खिलाड़ी होने के लिए एकजैसा दृष्टिकोण देखते हैं और मुझे लगता है कि यही कारण है कि हम आरसीबी में अपने पहले सीजन में इतने अच्छे से जुड़ गए थे।

डु प्लेसिस ने कोहली की फिटनेस की सराहना करते हुए उन्हें युवा पीढ़ी के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि वह अद्भुत है, वह कड़ी ट्रेनिंग करता है, वह बहुत फिट है और मुझे लगता है कि आज के खेल के युग में अगर आपको लंबा खेलना है तो आपको ऐसा बनना होगा। वे प्रतिभा के मामले में काफी अच्छे हैं लेकिन आपके शरीर के मामले में और भी अच्छे हैं।

इस बीच आरसीबी और टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज वरुण आरोन ने क्रिकेट के प्रति उनकी भूख की तारीफ करते हुए कोहली की शीर्ष फॉर्म में वापसी की कामना की। 2016 के आईपीएल सीजन में कोहली के सनसनीखेज प्रदर्शन पर एरोन ने कहा कि उन्होंने दुनिया भर के प्रशंसकों की आशाओं को दोहराया था। आगामी टूर्नामेंट में भी उनसे ऐसी ही पारियां देखने की उम्मीद होगी।

एरोन ने कहा कि वह लंबे ब्रेक के बाद वापस आ रहे हैं और जिस तरह से वह है, वह हमेशा क्रिकेट के लिए भूखे रहते हैं। वह निश्चित तौर पर क्रिकेट को मिस कर रहे होंगे। निश्चित रूप से वह दोगुनी भूख के साथ वापस आएंगे। मुझे उम्मीद है कि वह आईपीएल में उस तरह की फॉर्म (2016) में वापसी करेंगे। आईपीएल एक लंबा सीजन है और उस फॉर्म को जारी रखना अलौकिक होना है।



# हैरी टेक्टर का शतक बेकार, अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 35 रनों से हराया

शारजाह (एजेंसी)। रहमनुल्लाह गुरबाज की 121 रनों की शतकीय पारी और उसके बाद फजलहक फारूकी के 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 35 रनों से हरा दिया। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह की 121 रनों की शतकीय पारी, इसके बाद इब्राहिम जदरान 60 रन, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 5 विकेट पर 310 का स्कोर खड़ा किया था। मोहम्मद नबी ने 40 रन और अजमतउल्लाह उमरजई ने 19 बनाए थे।

आयरलैंड की ओर से थियो वान वोकरम ने 3 विकेट लिए। क्रेग यंग और ग्राहम ह्यूम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में 311 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 275 रन ही बना सकी और मैच 35 रनों से हार गई। आयरलैंड के लिए लोकर्न टुके ने 85 रन बनाए।

हैरी टेक्टर ने 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 138 रनों की शतकीय पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आयरलैंड का और कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सका। रहमानुल्लाह गुरबाज मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारुखी ने 4 विकेट लिए। अज़्मतुल्लाह उमरजई को 2 विकेट मिले। गुलाबदीन नायब और नूर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



भागदौड़ भरे जीवन में हो ही जाता है

# पीठ दर्द

कहते हैं कि पीठ दर्द लगभग हर आदमी को उसके जीवन के दौरान कभी न कभी होता है जिससे वह व्यथित और पीड़ित रहता है। पीठ दर्द भागदौड़ से भरी आधुनिक जीवन शैली का आधुनिक उपहार है। ज्यादातर चिकित्सा विशेषज्ञों की यही राय है कि इस बीमारी के प्रति जागरूक रहना ही इसका सबसे अच्छा इलाज है। 75 से 80 प्रतिशत लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं लेकिन इसे साधारण समझकर इलाज के लिए किसी चिकित्सक का सहारा न लेकर स्वयं ही इसका इलाज करते रहते हैं और जब वे पूरी तरह से इस रोग की गिरफ्त में आ जाते हैं। तब भागदौड़ शुरू करते हैं।

वास्तव में शरीर के इस दर्द की वजह रीढ़ की हड्डी व उससे जुड़ी मांसपेशियां हैं जिनमें गलत ढंग से बैठने, खड़े होने ओर लेटने के समय आवश्यकता से अधिक दबाव पड़ने से दर्द होने लगता है। प्रायः बच्चे पेट के बल लेट कर पढ़ाई करते हैं या टीवी देखते हैं। जब वह स्कूल में बैंच पर बैठकर काम करते हैं तो गर्दन, सिर व कमर को आगे की तरफ झुका लेते हैं। इस मुद्रा में बैठकर काम करने से पीठ दर्द की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। सच तो यह है कि हम अपनी दिनचर्या के दौरान कमर का बहुत ज्यादा दुरुपयोग करते हैं। हम में से ज्यादातर लोग, विशेषकर घरेलू औरतें कोई भी व्यायाम नहीं करतीं। अक्सर घंटों तक बिस्तर पर पड़े रहना या गलत मुद्रा में बैठना, उठना और सोना कमर दर्द का कारण बनता है।

पीठ दर्द के कारणों का पता लगाने के लिए हमें पीठ की रचना के बारे में जानना होगा। रीढ़ की हड्डी 33 हड्डियों को एक के ऊपर एक रख कर मिलने से बनी है। प्रत्येक हड्डी के बीच में एक डिस्क होती है। शरीर के ऊपरी हिस्से का सारा वजन रीढ़ की हड्डी को ही सहन करन पड़ता है जिसके कारण पीठ दर्द की परेशानी हो जाती है।

भले ही आप कितने भी मजबूत क्यों न हों, यदि आप जरूरत से अधिक मेहनत करेंगे तो आप की पीठ इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। थके होने पर भी लगातार काम करते रहना पीठ दर्द को बुलावा देना है। गलत तरीके से व्यायाम करना भी पीठ दर्द का एक कारण बन सकता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर का भी क्षय होने लगता है और रीढ़ की हड्डी को होने वाला नुकसान इस बात पर निर्भर करता है कि युवावस्था में रीढ़ पर कितना दबाव पड़ा है।

आमतौर पर 40 वर्ष की आयु के बाद रीढ़ की हड्डियों का क्षरण शुरू हो जाता है। हड्डियों में कैल्शियम और अन्य खनिज पदार्थों की कमी से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। रीढ़ की हड्डी चोट, दबाव व किसी भी प्रकार के विकार के कारण तनावग्रस्त होती है तो उसमें तकलीफ होती है। जो लोग स्लिप डिस्क (स्लिप डिस्क कोई भारी चीज उठाने, खेल या किसी क्रिया के दौरान शरीर के गलत ढंग से खिंचने या किसी प्रकार के अचानक दबाव के कारण होता है) के शिकार होते हैं उन्हें पीठ दर्द होना आम बात है। इसके अलावा पोषक तत्वों की कमी, लंबी बीमारी आदि कुछ कारणों से भी पीठ का दर्द होता है।

शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण रक्त संचालन की प्रक्रिया में गड़बड़ होने से रीढ़ की मांसपेशियों पर अधिक दबाव पड़ता है जिससे पीठ दर्द होता है। अधिक भागदौड़ व परिश्रम करने वाले लोग जो काम के साथ-साथ आराम नहीं करते वे भी पीठ दर्द से पीड़ित रहते हैं।

ज्यादा मोटे लोग भी प्रायः पीठ के दर्द से परेशान रहते हैं। ऐसे लोग जो अक्सर नरम बिस्तर पर लेटते रहते हैं, पीठ दर्द की चपेट में आ जाते हैं, क्योंकि नरम बिस्तर पर लेटने के कारण मांसपेशियां आराम करने लगती हैं और हड्डियों को सहारा न मिलने के कारण पीठ में दर्द होने लगता है।

ऊंची एड़ी के जूते या सेंडिल भी पीठ दर्द का एक कारण हो सकते हैं। ऊंची एड़ी की वजह से ज्यादा तेज चलने पर संतुलन बिगड़ने से पैर मुड़ जाता है और इसका सीधा असर रीढ़ की हड्डी पर पड़ता है और पीठ का दर्द शुरू हो जाता है। आहार के नियमों के विपरीत भोजन करने वाले लोगों को भी अक्सर पीठ दर्द की शिकायत रहती है। अपने उठने, बैठने, झुकने, लेटने, चलने आदि की गलत मुद्राओं में सुधार ला कर हम पीठ दर्द की रोकथाम कर सकते हैं।

ऊंची एड़ी के चप्पल व सैंडिल ज्यादा समय तक न पहनें इससे मांसपेशियों पर आवश्यकता से अधिक दबाव पड़ता है। गलत मुद्रा में बैठना हमारी पीठ के लिए सबसे खराब स्थित हि। अतरू हमेशा आरामदेह स्थित मिं बैठना चाहिए। और इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बैठते समय इसमें कोई झुकाव न हो। हमेशा कुर्सी की पीठ से अपनी पीठ सटाकर ही बैठना चाहिए। कुछ भी लिखते पढ़ते समय हमारी गर्दन और सिर आगे ओर झुके होने चाहिएं।

जमीन से कोई भी वस्तु उठाते समय अपनी पीठ को न झुकाकर हमेशा घुटनों को मोड़कर ही वस्तु को उठाना चाहिए। ऊंचाई पर रखी किसी वस्तु को उतारने के लिए उचकने की जगह स्टूल आदि का उपयोग करना चाहिए। हमेशा सीधे बैठकर ही भोजन करना चाहिए न कि कमर को आगे की ओर झुकाकर।



कभी लगातार खड़े रहना हो तो हमेशा पांव की स्थित बिदलकर ही खड़े रहना चाहिए। हमेशा मुलायम व आरामदेह जूते, चप्पल व सैंडिल पहनने चाहिएं। रात में गहरी नींद में सोना चाहिए। गहरी नींद में सोने से मांसपेशियों को बल मिलता है और खून में हारमोन की मात्रा बढ़ती है। रात को सोते समय बीच-बीच में करवट बदलते रहना चाहिए। ज्यादा ऊंचे तकिए का उपयोग नहीं करना चाहिए।

कमर के नीचे मांसपेशियों में सक्रियता लाने वाले कुछ व्यायाम भी अपनी दिनचर्या में शामिल करने चाहिएं। इससे मांसपेशियों में लचीलापन बना रहता है, वह मजबूत होती हैं जिससे पीठ दर्द हमें आसानी से अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकेगा। हम निम्न प्रकार के व्यायाम अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

सीधे खड़े होकर दोनों हाथ सीधे ऊपर उठाएं। सांस लें और बाईं ओर झुकें। कुछ सेकंड सांस रोक कर इसी दशा में रहें, फिर धीरे-धीरे फिर से पहले वाली स्थित मिं आ जाएं व सांस छोड़ें। इस तरह सांस खींचते हुए दाईं ओर भी यही क्रिया दोहराएं। आरंभ में कम से कम 5-5 बार इस क्रिया को दोहराएं, फिर धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाते जाएं।

हर रोज पंजों को ऊपर उठाते हुए लंबी सांस लें व फिर नीचे लाते हुए सांस छोड़ें, ऐसा 15-20 बार करें। फर्श पर बैठकर पैर आगे की तरफ सीधे फैलाएं व दोनों हाथ गर्दन के पीछे रखें और धीरे-धीरे घुटनों पर सिर टिकाएं। प्रयास करते रहें। कुछ दिनों बाद पीठ दर्द में बहुत आराम मिलेगा। जब एक बार व्यायाम करें तो यह नियम बीच में न छोड़ें।

कुछ दूसरी बीमारियों, जैसे गुर्दे की बीमारी, टीबी, आदि में भी पीठ के दर्द की शिकायत रहती है जिसे व्यायाम या मालिश से ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में अपने चिकित्सक की राय जरूर लेनी चाहिए। कुछ दिनों तक फिजियोथेरेपी से भी इस रोग से छुटकारा मिल सकता है।



बहाने जो आपको बनाते है

# सुस्त

हेल्दी लाइफस्टाइल की बात हो तो हजारों बहाने बनते नजर आते हैं। इस किंतु-परंतु के बीच जिंदगी की गाड़ी चलती जाती है। अचानक जब झटका खाकर गाड़ी रुक जाती है, तो समझ आता है कि ओह! इसे तो देख-रेख करवाने की जरूरत थी, लेकिन तब तक देर हो चुकी होती है और कई तरह की बिमारियों ने हमको अपनी गिफ्त में ले लिया होता है। हमारे शरीर, मन और आत्मा तीनों का स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, व्यायाम, ध्यान और योग जरूरी है। फिटनेस हर किसी के लिए समान रूप से अनिवार्य हैं, लेकिन उन्हें न मानने के बहाने बड़े अजीबोगरीब होते हैं।

तो आइए जानते है वे बहाने और उनके हल

## व्यायाम करना बोरिंग लगता है

अगर आप बोर होते हैं तो इसके लिए आपको क्रिएटिव होना पड़ेगा। अपनी एक्सर्साइज की रूटिन में मजेदार चीजें जोड़ें। एक नई अप्रोच के साथ एक्सरसाइज करें। अपनी ऐक्टिविटी में वरायटी रखें ताकि उसमें आप का इंटरेस्ट बना रहे। किक बॉक्सिंग और अफ्रीकन डांस क्लास भी आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं या फिर वर्कआउट के लिए एक साथी की तलाश करें ताकि आप एक्सर्साइज का वक्त भी एंजॉय कर सकें। यकीनन, रोज-रोज एक ही पार्क के ट्रैक पर जॉगिंग करना, एक जैसे व्यायाम करना बोरिंग होता है। इस दिनचर्या में बदलाव जरूरी है। हफ्ते में दो-तीन दिन वॉक करें। इसके अलावा साइक्लिंग, बैडमिंटन, डांसिंग, स्विमिंग, योग, स्ट्रेचिंग, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसे कई विकल्प हैं। हफ्ते में पांच दिन रोज कम से कम 60 मिनट्स अपने लिए निकालें। दो दिन आराम करें। जॉगिंग पसंद न हो तो ब्रिस्क वॉक करें। ब्रिस्क वॉक न सही, यूं ही पैदल चलें, फायदा तो होगा।

## बहुत ज्यादा व्यस्त हूं

आपको वक्त पैदा करना पड़ेगा। हर दिन की प्लानिंग करते वक्त एक्सर्साइज को भी उसमें हर हाल में शामिल करें। इससे कहीं न कहीं से आप इसके लिए वक्त निकाल ही लेंगे। जब कभी काम का बोझ बहुत ज्यादा हो तो भी एक्साइज नहीं छोड़नी है क्योंकि नियमित रूप से की जा रही एक्सर्साइज आपके काम करने की क्षमता को बढ़ाती है और तनाव कम करती है। इससे आप खुद को ज्यादा ऊर्जा से भरे और अलर्ट महसूस करते हैं।

## बहुत थका हुआ हूं

सुस्त लाइफ स्टाइल ही मोटापे की वजह है। रोजाना व्यायाम शरीर में मोटापे के स्तर को कम करता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। अपने आप को बार बार याद दिलाते रहें कि व्यायाम के बाद आप अपने आप को कितना चुस्त-दुरुस्त और फुर्तीला महसुस करते हैं। ज्यादातर बैठकर कामकाज करने वाले या शारीरिक काम कम करने वाले लोगों को थकान हो सकती है। अगर टहलने वाली जैसी व्यायाम को रोजाना नियम से किया जाए तो इससे ऊर्जा स्तर में बढ़ोतरी होती है और थकान कम होती है। खुद को समझाएं कि व्यायाम करने के बाद आप काफी तरोताजा महसूस करेंगे इसलिए योग्य बने रहने के लिए व्यायाम हर हालत में करनी ही है।

## कोई रिजल्ट नहीं मिलता

आपको यह पता लगाना चाहिए कि आपके शरीर के अनुसार कौन सा व्यायाम ज्यादा फायदेमंद रहेगा। शरीर को चुनौती देने के लिए अपने रोजाना के दिनचर्या में बदलाव लाएं। जैसे आप योग कर सकते हैं, साइक्लिंग कर सकते हैं या कोई खेल भी खेल सकते हैं। थोड़े-थोड़े बदलाव करते रहने से धीरे-धीरे आपको नतीजे भी दिखाई देने शुरू हो जाएंगे। आप किसी प्रोफेशनल फिटनेस ट्रेनर से भी सलाह ले सकते हैं, जो रोजाना व्यायाम करने के लिए एक ऐसी सूची तैयार करके दे देंगे जो आपके शरीर के मुताबिक होगा।

## प्रेरित नहीं हो पाता

व्यायाम को किसी काम की तरह नहीं, बल्कि ऐसे देखें कि कुछ समय आप अपने लिए निकाल रहे हैं और मस्ती करने घर से बाहर जा रहे हैं। छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करने के बाद अंदर से खुश महसूस करें। मसलन सीढ़ियां चढने पर अगर आपको थकान नहीं हुई तो आपको इस पर खुद की पीठ थपथपानी चाहिए। इसी तरह किसी दिन थोड़ी सी ज्यादा जॉगिंग करने पर अगर आपकी सांस नहीं फूल रही है और आप खुद को फिट महसूस कर रहे हैं तो आपको इसे एक उपलब्धि मानकर इस पर भी खुश होना चाहिए। अपने बारे में बेहतर महसूस करना आपको व्यायाम करने की प्रेरणा देगा।

## व्यायाम करने में हिचक

हर किसी की अपनी अपनी समस्या होती हैं इसलिए वे वर्कआउट करते हैं। ज्यादातर लोग अपने वर्कआउट और अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में ध्यान रखते है। आप भी अपने लक्ष्य पर फोकस करें। अपना कीमती समय और एनर्जी दूसरों की चिंता में न खोएं।

## मैं बहुत ज्यादा मोटी हूं मुझसे नहीं होगा

अब यह फैट कम नहीं होगा, शर्म महसूस होती है बाहर निकलने में., यह बहाना बडा आम है। उम्र के साथ शरीर में फैट का जमाव अस्वाभाविक बात नहीं है। लेकिन इस फैट को बहाना बनाने का अर्थ है, शरीर को और बेडौल बनाते जाना। फैट ज्यादा हो तो थकान जल्दी लगती है। इसलिए शुरुआत सिर्फ 15 मिनट की वॉक से करें। मोटापे को कम करने के लिए वर्कआउट के साथ डाइट को बैलेंस रखना भी जरूरी है। जिम से लौट कर अगर घी के स्टफ्ड पराठे खा लेंगे तो इसका कोई असर नहीं होगा। इससे अच्छा है, एक्सरसाइज से आधे घंटे पहले कोई स्मॉल या मीडियम साइज फास्ट खा लें और व्यायाम के एक घंटे बाद तक कुछ न खाएं।

## मुझे क्या जरूरत मैं तो पहले ही पतली हूं

यह भी बड़ा आम बहाना है। दुबली होने का मतलब यह नहीं कि शरीर को व्यायाम की जरूरत नहीं है। दुबले होने का मतलब यह भी नहीं है कि शरीर फिट है। वर्कआउट सिर्फ वजन घटाने के लिए नहीं होता, यह शरीर और मन को ऊर्जा देता है, उसे डिटॉक्सीफाई करता है। दुबली, सामान्य, मोटी।हर बॉडी टाइप को सामान्य वर्कआउट की जरूरत है।

घर के कामों से फुर्सत ही नहीं मिलती - यह सही है कि घरेलू काम करने से वर्कआउट होता है, लेकिन जब ये रुटीन में आ जाते हैं तो इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। जिस तरह व्यायाम में थोड़ा बदलाव जरूरी है, उसी तरह घरेलू कामकाज के साथ वॉक, जॉगिंग, योग, ध्यान करने से शरीर को ज्यादा लाभ मिलता है। इसलिए बहाने छोडें और तैयार हो जाएं वर्कआउट के लिए।

कई गुणों से भरपूर

# नारियल पानी



नारियल का प्रयोग केवल पूजा करने में ही नही किया जाता ब्लकि नारियल का पानी,नारियल की गिरी खाना ,नारियल का तेल यें सब कुछ हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है। नारियल पानी हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी साबित होता है। नारियल पानी का सेवन करने से हमारा शरीर तंदरूस्त रहता है। इसमें विटामिन ए,बी,सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसमें प्रोटीन,कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते है। यें सब हमारे शरीर को कई बीमारियों से छुटकारा दिलवाने में मदद करते है।

- अगर शरीर में पानी की कमी हो जाएं तो नारियल पानी का सेवन लगातार करने से शरीर में पानी की कमी पूरी हो जाती है।
- नारियल पानी पीने से पेट संबंधी रोगों से छुटकारा मिलता है। हमारी पाचन क्रिया भी ठीक रखने में मदद करता है।
- नारियल पानी हमारी चेहरे की त्वचा को भी चमकदार बनाने में मदद करता है। नारियल पानी का सेवन करने से त्वचा संबंधी रोगों से निजात पाई जा सकती है।
- नारियल पानी का सेवन करना डायबिटीज के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसको रोजाना पीने से ब्लड शूगर कट्रोल में रहती है।
- नारियल पानी का सेवन करने से किडनी के स्टोन से राहत पाई जा सकती है।
- नारियल पानी रोजाना पीने से मोटापे से छुटकारा पाया जा सकता है।
- नारियल पानी को चेहरे पर लगाने से मुंहासों ,झुर्रियों से छुटकारा पाया जा सकता है।
- नारियल पानी में एंटी ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते है जो कैंसर जैसे रोग से लड़ने में मदद करते है।



# आदित्य धर बनाएंगे नई एक्शन थ्रिलर फिल्म, रणवीर सिंह से मिलाया है हाथ

**फिल्म 'उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में उनकी पहली चॉइस कोई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म के लिए उन्हें हीरो मिल गया है। अब देखना यह बाकी है कि इस हीरो के साथ मिलकर आदित्य की फिल्म दर्शकों के लिए क्या नया लेकर आती है।**

### रणवीर दिखेंगे नए अवतार में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य धर की इस एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाने वाले हैं। इसे लेकर आदित्य और रणवीर के बीच बातचीत चल रही है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि भारतीय खुफिया एजेंसियों पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर का एकदम अलग अवतार नजर आएगा। इस फिल्म पर साथ काम करने के सिलसिले में रणवीर और आदित्य की चार-पांच बार मुलाकात भी हो चुकी है। ये मुलाकातें पिछले 3 हफ्तों में हुई हैं। बस फिल्म साइन करने को लेकर कागजी कार्रवाई की जानी बाकी है।

### रणवीर को पसंद आई स्क्रिप्ट

ऐसा लगता है कि रणवीर भी पिछले कई दिनों से एक अच्छी फिल्म हाथ लगने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में जब यह प्रस्ताव उन्हें मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया। रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य के कहने पर उन्होंने एक बार में हां कह दिया। पहली मीटिंग में आदित्य ने उन्हें फिल्म की सारी कहानी बता दी थी, जिसे सुनकर रणवीर को यह बहुत पसंद आई। रणवीर ने तो अपनी टीम को आदित्य की इस फिल्म के लिए अपनी तारीखें बुक करने को भी कह दिया है।

### आगे खिसकेंगी रणवीर की दूसरी फिल्में!

रणवीर आदित्य की इस फिल्म पर आगामी मई से काम शुरू कर पाएंगे। ऐसे में रणवीर की फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग आगे खिसक सकती है। ऐसा हुआ, तो वह इसे अगस्त 2024 तक ही शुरू कर पाएंगे। इसके बाद अगले साल वह शक्तिमान की शूटिंग भी शुरू करेंगे। गौरतलब है कि रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही सिंघम अगेन है।





# मैं खुद को पॉजिटिव रखने पर विश्वास करती हूं

**रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।**

रसिका ने कहा- हर वक्त आप कुछ बेहतर चाहते हैं। ये चाह भी बहुत जरूरी है। जिंदगी का वसूल है कि हम जिस समय जो चाहते हैं, वो नहीं मिलता है। एक गैप हमेशा रहता है। आप पर निर्भर करता है कि आप उस गैप को कैसे देखते हैं। हम सब काफी मीटिंग और ऑडिशन दिया करते थे। कई दफा लोग बहुत इज्जत देते थे और कई बार लोग दोबारा मिलते ही नहीं थे। ऐसा भी होता था कि 3 घंटे तक हम अंधेरी के श्रीजी रेस्टोरेंट के बाहर लाइन लगा कर खड़े रहते थे। हां, कई बार मायूसी भी होती थी। लेकिन उस समय खुद को यही याद दिलाती थी कि मैं अकेली नहीं हूं। मुझे याद है कि एक फिल्म के लिए मैंने काफी कोशिश की थी। लेकिन मुझे वो फिल्म नहीं मिली थी। उस दौरान मैं काफी मायूस हो गई थी। हालांकि मेरी दोस्त एडिटर थी, वो भी काफी परेशान थी। हम दोनों एक-दूसरे को चीयर अप किया करते थे।

### रियल लाइफ में मैं बहुत इमोशनल हूं

रसिका ने अपना इमोशनल साइड बताते हुए कहा- मैं फिल्में देखकर रोने लगती हूं। मैं उस तरह की ऑडियंस हूं जो फिल्में देखकर बहुत हंसती है, या बहुत रोती है। सच कहूं तो स्ट्रगल के समय मैं बहुत रोई हूं। मुझे लगता है एक्सप्रेसिव होना बहुत जरूरी भी है। मैं मानती हूं- कोई भी फीलिंग हो, उसे पूरी तरह से महसूस करना और जाहिर करना अच्छा होता है।

### मझे ऑडिशन देने में कोई प्रॉब्लेम नहीं है

रसिका ने थोड़ा टीवी भी किया है। उन्होंने यशराज का एक प्रोजेक्ट किया था, जिसमें उनके साथ पंकज त्रिपाठी थे। रसिका से ओटीटी के बारे में भी बात हुई। उन्होंने कहा- हालांकि जब ओटीटी आया और मिर्जापुर रिलीज हुई, तो मुझे उम्मीद नही थी कि इस कदर मुझे इस रोल के लिए तारीफ मिलेगी। रसिका ने ऑडिशन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा- एक डायरेक्टर के लिए ये जानना बहुत जरूरी होता है कि एक्टर मेरे किरदार पर फिट हो पा रहा है या नहीं। एक्टर-डायरेक्टर के लिए ऑडिशन अच्छा रहता है।

### मैं दिल्ली क्राइम के किरदार में खुद को देखती हूं

रसिका ने अपने किरदारों को निभाने के बारे में कहा- आप अपनी उतनी ही छाप छोड़ सकते हैं, जितना स्क्रिप्ट में आपका किरदार लिखा गया हो। फिर चाहे मैं मिर्जापुर की बात करूं या फिर दिल्ली क्राइम की। दिल्ली क्राइम की नीति सिंह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद को उस किरदार में देखती हूं। रसिका ने किसी कॉमेडी फिल्म में लीड रोल करने की ख्वाहिश भी जताई। रसिका को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये लगती है कि यहां सबके लिए काम है। उन्होंने कहा- हमारे देश में इतने बड़े लेवल पर फिल्में बनती हैं। कितने ऐसे भी देश हैं, जहां फिल्में बनती ही नहीं हैं। मुझे एक्सपेरिमेंट करना बहुत अच्छा लगता है। ओटीटी के आने से राइटिंग को वो अहमियत मिली, जो कहीं खो गई थी।



# नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया सरन

बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं।



# महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक

महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

# 5 साल बाद टीवी पर कमबैक को लेकर उत्साहित हैं दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने हाल ही में सीरियल मंगल लक्ष्मी से टेलीविजन पर अपना कमबैक किया। शो में दीपिका एक मजबूत लेकिन रिजर्व्ड होममेकर के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मानें तो ये किरदार उनके द्वारा निभाए गए अब तक के किरदारों से काफी अलग है।

### ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है

बातचीत के दौरान, दीपिका कहती हैं, मैं चैनल को धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ पर इस शो के लिए विश्वास किया। मैंने अब तक जो भी काम किया, उससे ये बहुत ही अलग है। अब तक मैंने स्क्रीन पर एक स्ट्रॉन्ग वीमेन के रोल निभाए हैं। इस शो में भी मेरा किरदार अपने तरीके से स्ट्रॉन्ग है। वह अपनी फैमिली की बैकबोन है। लेकिन, वह कभी अपने किए काम के क्रेडिट की डिमांड नहीं करती। मेरा ये किरदार पूरी तरह से सेल्फलेस है। वैसे, इस किरदार के लिए मैंने अपने ऊपर भी काम किया है। रियल लाइफ में मैं सेल्फलेस बनने की राह पर हूं। मुझे लगता है कि ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है।

### मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं

5 साल बाद टीवी पर वापसी के सवाल पर, अभिनेत्री ने कहा कि इस दौरान वे अपने डांस के पैशन को एक्स्प्लोर कर रही थीं। उन्होंने कहा, दरअसल, एक्टर के अलावा मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं। इस ब्रेक के दौरान, मैंने अपनी क्लासिकल डांस की पढ़ाई पूरी की। मैंने क्लासिकल डांस की विद्या ली। इसकी भी बोर्ड एग्जाम की तरह परीक्षा होती है।

### मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया

बता दें, साल 2022 में दीपिका ने फिल्म टीटू अंबानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। दोनों प्लेटफार्म पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने आगे कहा, हर प्लेटफार्म का काम करने का तरीका अलग हो सकता है। मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया है। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया उन्होंने आगे कहा, फिल्म में आपको कम दिन के लिए शूटिंग करनी होती है। लेकिन, उसकी तैयारी कई महीने पहले से शुरू हो जाती है। बैकएंड पर बहुत काम होता है। कई बार तो 6-7 महीने वर्कशॉप, रीडिंग में लग जाते हैं। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया। फाइनली मंगल लक्ष्मी जैसा शो आया। सोचा ये तो जरूर करना चाहिए क्योंकि ये बहुत सुंदर स्टोरी है। मेरी ऑडियंस मुझे इसमें बहुत पसंद करेगी।



# गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ोर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

**बॉलीवुड के प्रशसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।**

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है। क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है। शो की मेजबानी करने के अलावा, शान से किशोर कुमार के जीवन और करियर के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने की उम्मीद की जाती है।

रेडियो पर क्रेजी फॉर किशोर एक ऐसा शो है जो हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है.. मैंने हमेशा गुप्त रूप से आशा और कामना की है कि मैं इस शो का हिस्सा बन सकूं.. इसलिए जब सीज़न की पेशकश मेरे पास आई.. तो मैंने इसे दोनों के साथ स्वीकार कर लिया। हाथ. रेडियो नशा में रोहिणी और उनकी टीम इस संपत्ति के प्रति बेहद अनुभवी और समर्पित है और बेहद उत्साहजनक भी है। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला और वास्तव में मुझे जल्दी से आरजे टोपी पहनने में मदद मिली। और बिल्कुल, जब एकमात्र किशोर कुमार के बारे में बात करने की बात आती है.. मैं उनकी आवाज, उनके व्यक्तित्व, उनकी निजी कहानियों के बारे में बात करता रह सकता हूं, आज के संगीत और गायकों पर उनका प्रभाव है। कुल मिलाकर मैं क्रेज़ी फ़ॉर किशोर, का बिल्कुल नया होस्ट बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह शो फीवर पर भी प्रसारित किया जाएगा, जिसने हाल ही में खुद को नए लुक और पोजिशनिंग के साथ नया रूप दिया है। श्रोताओं को शो फीवर एफएम स्टेशन पर सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे तक और रेडियो नशा पर सोमवार से शुक्रवार क्रमशः सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और रात 10-11 बजे तक सुनने को मिलेगा।



# भाजपा को भारी मतों से जिताएं : डा. महेश शर्मा

## सांसद ने खुर्जा के कई क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गाँव चलो अभियान' के तहत सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने विधानसभा खुर्जा के सोलंकी फार्म हाउस, अरनिया ब्लाक कम्पाउण्ड, पहाड़गढी, अगौरा, मुरारी नगर, बाल्मिकी चौक, राजनारायण की कोठी, नावल्टी रोड, शिवा एन्क्लेव का भ्रमण किया।




इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में विकास कार्य बहुत ही तेजी से हो रहा है।

आगामी लोकसभा चुनावो में प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की दिशा में भारी मतों से विजय दिलायें। भारतीय जनता पार्टी के कमल का निशान का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाये।

कार्यक्रम में खुर्जा विधानसभा की विधायिका श्रीमती मीनाक्षी सिंह, खुर्जा ब्लॉक की प्रमुख मोनिका सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य सतीश वाल्मीकि, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर चौधरी ने मुख्य रूप से संबोधित किया।

# अहंकार के समूल नाश के लिए गुरु कृपा अति आवश्यक: सद्गुरूनाथ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मीडिया प्रभारी ए.के. लाल ने बताया कि फाल्गुन मास के पावन माह में श्री शिव महापुराण कथा के समापन के अवसर पर भक्तों को कथा सुनाते हुए सद्गुरूनाथ महाराज ने कहा कि शरीर के स्वस्थ रहते मनुष्य को मोक्ष और ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। जिस उद्देश्य से मनुष्य का शरीर इस संसार में मिला है, उसे भूलकर मनुष्य माया के जाल में फिर से फंस जाता है।

मानव लालच में आकर ज्ञान की प्राप्ति नहीं करता, जिससे मोक्ष की प्राप्ति बहुत पीछे छूट जाता है। हर व्यक्ति को किसी वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति और स्थान आदि से मोह होता है। यही मोह या लगाव ही दुखों और असफलताओं का कारण बनता है। इसलिए मोह का परित्याग कर आनंद और सफलता की ओर बढ़ें। उन्होंने कहा कि मनुष्य को राग, द्वेष, वैमनस्य, अपमान और हिंसा जैसी पाशविक प्रवृति को छोड़कर मनुष्य बनना चाहिए। जिसके भक्ति, ध्यान और साधना जरुरी है।

महर्षि नगर के रामलीला मैदान में पिछले 29 फरवरी से 8 मार्च तक परम पूज्य आध्यात्मिक



### महर्षिनगर में श्री शिव महापुराण कथा का समापन

चिंतक सद्गुरूनाथ महाराज के सान्निध्य में किया भक्तिमय तरीके से संपन्न हुआ।

कथा के अवसर पर अजय प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान और कुलाधिपति, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालोजी, राहुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान और शिव महापुराण कथा कार्यक्रम के संयोजक रामेन्द्र सचान और गिरीश अग्निहोत्री, प्रोफेसर रविन्द्र नाथ (परिचय दास), शिव पुराणमहा कथा के मुख्य यजमान एस.पी. गर्ग सहित हजारों भक्त उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक एवं पूजा अनुष्ठान का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री नागाम्बिका धाम ट्रस्ट की तरफ से शिवरात्रि के पावन अवसर पर द्वादश



पार्थिव ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक एवं पूजा अनुष्ठान गुरुजी सोमदीपानंद भैरव के कर कमलों के द्वारा किया गया।

इस पूजा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगो में समानता वा समरसता लाना है। समाज में चल रही छुआछूत, अमीरी-गरीबी, ऊंच-नीच, जैसी कुव्यवस्थाओं को खत्म करना हैं। शिवपुराण के विद्येश्वर संहिता के अनुसार लिंगों में श्रेष्ठ लिंग पार्थिव लिंग को माना गया हैं। तथापि यदि ये लिंग ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में हो तो अनन्त पुण्य फल प्रदायक होते हैं, तथा इन पार्थिव लिंग के पूजन से 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं पूजन का फल मिलता हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी किशन कुमार व अन्य सदस्य गण कृष्णा,नितिन,गीता,मनीषा, शुक्ला,सोनू,राधा भी मौजूद रहे।

# डॉ. संगीता शर्मा को नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा की भाभी व वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. संगीता शर्मा को सम्मानित किया गया। सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केन्द्र में एनईए अध्यक्ष चौ. राजकुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीमती वंदना त्रिपाठी, एजीएम श्रीमती प्रिया, एनईए के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, श्रीमती किरण बबिता नागर, दिव्या आदि मौजूद रहे।

नोएडा की वरिष्ठ सलाहकार व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता शर्मा ने इस अवसर पर महिलाओं को अपनी खासियत, साहस और



समाज में उनके महत्व को समझाने और मनाने के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक माँ ही होती है जो बेटे की शहादत के बाद भी देश और परिवार के लिए मजबूती से खड़ी होती है।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# AI पूरे विश्व में लाया नई क्रांति : डा. ब्लम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञान और इंजिनियरिंग अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से 'एडेपटिव इंटेलिजेंस-इवाल्व यूअर वर्ल्ड' विषय पर चतुर्थ अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन (इनसाइट 2024) का आयोजन किया गया जिसमें विश्वभर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविद्ों और उद्योग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर स्पेन के स्पैनिश नेशनल रिसर्च कांउसिल के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च इंस्टीटयूट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा क्रिस्टीयन ब्लम को प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त एमिटी विश्वविद्यालय और साउथ अफ्रिका के यूनिवर्सिटी ऑफ प्रिटोरिया के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

स्पेन के स्पैनिश नेशनल रिसर्च कांउसिल के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च इंस्टीटयूट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा क्रिस्टीयन ब्लम ने प्रोफेसरशिप मानक उपाधि के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान समय एआई का है और इस प्रौद्योगिकी से लगभग हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है जिससे पूरे विश्व में नई क्राति आ रही है।

डीआरडीओ के भविष्यवादी प्रौद्योगिकी




प्रबंधन निदेशालय की निदेशक व वैज्ञानिक डा एन रंजना ने संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी द्वारा प्रदान किया गया यह मंच भविष्य को आकार प्रदान कर रहा है और आप सभी देश की जीडीपी में योगदान के संचालक बन रहे है। वर्ष-2022 में नेशनल एआई मिशन को लांच किया गया जिससे ना केवल अनुंसंधान को गति मिली है बल्कि हर क्षेत्र को एआई से जोड़कर उसके विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा. बलविंदर शुक्ला, एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती, एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख डा निताशा हस्तीर ने भी इस दौरान अपने विचार रखे।

# डीएल लेने के अब कड़े नियम होंगे: नितिन गडकरी

## रोड सेफ्टी को लेकर आयोजित कार्यक्रम रोड रक्षक में जुटे सैकड़ों उद्यमी

नोएडा। भारत में ड्राईविंग लाईसेंस लेने के लिए नियमों को और भी प्रभावी तथा कठोर



बनाया जाएगा। इसके लिए मंत्रालय ऑटोमोबाइल सेक्टर तथा एजुकेशन इंस्टीटयूशंस के साथ काम कर रहा है। हर व्यक्ति आसानी से ड्राईविंग लाइसेंस हासिल कर लेता है। अब ऐसा नहीं हो पाएगा। यह बात कही केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने। वे रोड सेफ्टी के लिए आयोजित कार्यक्रम 'रोड रक्षक' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

नितिन गडकरी ने कहा कि लोगों को यह जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी की अगर वह रैसड्राइविंग करेंगे तो इससे एक्सीडेंट होगा। इसमें उनकी जान तक जा सकती है। पढ़े-लिखे लोग भी रास्ता क्रॉस करने के लिए बीच से घुस जाते। रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि2004 में खुद उनका एक्सीडेंट हुआ था और और जो ड्राइवर था उसको कैटरेक्ट था ।अगर छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें तो एक्सीडेंट कम हो जाए।

इस दौरान के नोएडा के नेक्सजेन एनर्जिया के एमडी पीयूष दिवेद्वी ने कहा कि लोगों को रोड सेफ्टी के लिए पूरी तरीके से अग्रसर रहना चाहिए। उसके नियमों को पूरी तरह पालन करना चाहिए। उन्होंने नितिन गडकरी को मोमेंटो देकर देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान कार्यक्रम में कई आंकड़े भी दर्शाये गए। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के 2022 के रोड एक्सीडेंट डाटा के अनुसार भारत में रोज 1263 सड़क दुर्घटनाओं में 462 मौतें होती हैं यानी हर घंटे भारत में 53 सड़क दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मौत होती है। एक अनुमान के मुताबिक 2024 तक ये आंकड़ा और बढ़ गया है यानी करीब 50 मौतें रोज और ज्यादा। इस लिए रोड सेफ्टी बहुत ज्यादा जरुरी है।